राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित
वर्ष : 14
अंक : 220
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 05 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण की औद्योगिक विकास मंत्री ने की समीक्षा
पेज 4 कानपुर-गाजियाबाद में जोरदार बारिश, सहारनपुर में युवक बहा
पेज 6 'मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है', गुकेश से हारने

## संक्षिप्त खबरें

### सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की फोटो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बिहार में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इस सेनेटरी पैड के कवर पर राहुल गांधी का फोटो लगा है। लिखा है, माई-बहिन मान योजना, जरूरतमंद महिलाओं को सम्मान राशि- 2500 रुपए महीना। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, बिहार में महिलाओं के लिए हमने विशेष तैयारी की है। हमारा लक्ष्य 5 लाख महिलाओं को घर-घर जाकर सेनेटरी पैड बांटने का है।' भाजपा ने इसे बिहार की महिलाओं का अपमान बताया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि ये जानबूझकर की गई घिनौनी हरकत है।

### मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

**प्रयागराज/ मथुरा।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाईकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता।

# हिमाचल : मानसून सीजन में 69 की मौत, 500 करोड़ का नुकसान

## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ मार्ग बंद; प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुईं। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग ?500 करोड़ का नुकसान हो चुका है।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है।


उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

ओडिशा में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। बालासोर जिले में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां सुबर्णरेखा नदी में आई बाढ़ के कारण 35 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं और बाकी इलाकों से कटे हुए हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि मानसून इस वक्त पूरी तरह एक्टिव मोड में है।

इसलिए महाराष्ट्र-राजस्थान समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### अमित शाह ने 5 राज्यों के सीएम से बात की



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तेज बारिश से प्रभावित हुए गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। शाह ने राज्य सरकारों को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

जबलपुर में भेड़ाघाट-धुआंधार क्षेत्र पानी में डूब गया है। इसके चलते आस-पास की दुकानों को हटाना गया।

एनडीआरएफ-एसडीआरएफ तैनात की गई है। जलस्तर बढ़ने और बांध के गेट खोले जाने के कारण मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षा के लिए नदी के किनारों से दूर रहने की चेतावनी दी है।

## सैफ की संपत्ति विवाद, नए सिरे से होगी सुनवाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने भोपाल स्थित सैफ अली खान की पुश्तैनी संपत्ति के विवाद पर ट्रायल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट के 14 फरवरी 2000 को पारित आदेश को दोषपूर्ण पाते हुए निरस्त कर दिया। हाईकोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी है कि ट्रायल कोर्ट एक साल की समय सीमा के अंदर प्रकरण का पटाक्षेप करे। यह आदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति को लेकर चल रहे उत्तराधिकार विवाद को लेकर सुनाया। अपील नवाब हमीदुल्ला खान के वंशज बेगम सुरैया, नवाबजादी कमरताज राबिया सुल्तान और अन्य की ओर से दायर की गई थी। इस प्रकरण में मशहूर क्रिकेटर नवाब मंसूर अली खान पटौदी, उनकी पत्नी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, पुत्र सैफ अली खान, बेटियां सबा सुल्तान, सोहा अली खान को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में यसीर और फैजा सुल्तान का दावा था कि नवाब की निजी संपत्ति पर सभी वैध वारिसान का अधिकार है।

## एमपी में 20 में इलाज करने वाले डॉक्टर का निधन

**जबलपुर।** पद्मश्री से सम्मानित मध्यप्रदेश के 79 वर्षीय डॉक्टर मुनीश्वर चंद्र डावर का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। जबलपुर के मदनमहल क्षेत्र में रहने वाले डॉ. डावर कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता था। वजह यह थी कि पूरी जिंदगी लाखों मरीजों को इलाज करने वाले डॉक्टर सिर्फ 20 रुपए फीस लेते थे। डॉ. डावर को 2023 में पद्मश्री से सम्मानित किया



गया था। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब जबलपुर दौरे पर आए थे तो व्यक्तिगत रूप से उन्होंने केवल डॉक्टर डावर से ही मुलाकात की थी।

# सीवान में 3 लोगों की हत्या, 2 को तलवार से काटा

## एक को गोली मारी; पटना-सीवान मेन रोड घंटों जाम, थाना प्रभारी सस्पेंड





सीवान। सीवान में शुक्रवार को 2 पक्षों के बीच हिंसक झड़प और गोलीबारी में 3 लोगों की मौत हो गई। एक की गोली मारकर हत्या हुई है। 2 लोगों को तलवार के काटा गया है। वहीं 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद मलमलिया पुल पर तीनों शवों को रखकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। आगजनी भी की गई। इस कारण पटना-सीवान मुख्य मार्ग पर घंटों जाम लग रहा। देर रात पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर पटना-सीवान मुख्य मार्ग को चालू करवाया। हालांकि, प्रदर्शनकारी वहां मौजूद रहें।

मौके पर 6 थानों की पुलिस कैंप कर रही है। वहीं, पुलिस की कई टीम आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। डीएम, एसपी, डीआईजी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शुक्रवार रात 11 बजे के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके गांव पहुंचे। वहीं आरोपी के घर को लोगों ने आक्रोश में जला दिया है।

मृतकों की पहचान कौड़िया गांव के रहने वाले मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह के रूप में हुई है। अपराधियों ने भागने के दौरान एक युवक को रोशन को गाड़ी से टक्कर मार दी। इससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### भगवानपुर हाट थाना प्रभारी सस्पेंड

देर शाम गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित, छपरा के एसपी कुमार आशीष और सीवान के एसपी मनोज तिवारी के साथ डीआईजी नीलेश कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन हत्या के बदले हत्या की मांग पर अड़े हुए हैं। घटनास्थल से ही डीआईजी नीलेश कुमार ने भगवानपुर हाट थाना प्रभारी सुजीत कुमार को सस्पेंड कर दिया। सीवान के एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुराने विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। फायरिंग को लेकर स्पष्ट सूचना नहीं है।

# ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का एमपी सरकार से सवाल

## 13 प्रतिशत पद होल्ड हैं, इन पर नियुक्तियों में क्या दिक्कत है; मुख्य सचिव से एफिडेविट मांगा

दिल्ली/भोपाल। एमपी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव से एफिडेविट मांगा है कि जो 13त्न पद होल्ड हैं, उन पर नियुक्तियों में क्या दिक्कत है।

सरकार ने साल 2019 में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए एक्ट पास किया गया था, लेकिन अमल में नहीं आ पाया।

कोर्ट नंबर 12 में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने सुनवाई की। यह केस सीरियल नंबर-35 पर लगा था। याचिकाकर्ता ओबीसी महासभा की ओर से एक बार फिर से मप्र की 51 प्रतिशत ओबीसी होने की दलील दी गई। मामले में मप्र हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर करीब 70 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में पहुंची हैं, उन्हीं पर आगे सुनवाई होगी। तत्काल आरक्षण देने संबंधी इस याचिका में अभी कोई राहत नहीं मिली है।



### ओबीसी आरक्षण वाले मामले सरकार का पक्ष

13 प्रतिशत होल्ड पदों पर ज्वाइनिंग देने मामले में जो याचिका लगाई गई है उसमें

आज कोर्ट ने बहस के दौरान कहा कि पहले से 50 से ज्यादा याचिकाएं कोर्ट में विचाराधीन हैं तो इस पिटिशन पर सुनवाई की जरूरत नहीं है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मामले में कोई कानूनी रोक नहीं है।



## हैप्पी मॉर्निंग

गोलू ने शादी के लिये अपने बॉस की लड़की का हाथ मांग लिया,
बॉस ने नाराज होते हुये बोला- नालायक अपनी औकात देखी है, जितनी तुझे सैलेरी मिलती है, उतने पैसो में तो मेरी बेटी के लिये टॉयलेट पेपर भी नहीं आयेगा।
गोलू बोला- अच्छा, अगर आपकी लड़की इतनी बार टॉयलेट जाती है, तो फिर शादी की बात अब रहने ही दो।



## शायरी

मानवता के लिए शांति है वरदान,
आतंकवाद का खात्मा करके बनेंगे हम बेहतर इंसान।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
83,432.89
+193.42 (0.23%)
निफ्टी:
25,461.00
+55.70

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 28 डिग्री से0 |
| सूयोदय रविवार | : | 5 : 33 |
| सूर्यास्त शनिवार | : | 7 : 25 |

# अमरनाथ यात्रा- दूसरे दिन 26,000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 7 बजे तक 26,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 11,440 पुरुष और 2,426 महिलाएं शामिल रहीं। 91 बच्चे, 221 साधु, 328 सुरक्षाबलों के जवान और 9 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे।

**6400 यात्रियों का तीसरा जत्था गांदरबल-पहलगाम बेस कैंप पहुंचा, अब तक 3.5 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन**

पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। पहले 2 दिन में 26,863 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इस बीच यात्रियों का तीसरा तीसरा जत्था गांदरबल में बालटाल और अनंतनाग के पहलगाम में नुनवान बेस कैंप पहुंच गया है। ये जत्था शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ था। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

# बोलेरो कॉलेज की दीवार से टकराई, दूल्हे समेत 8 मौत

## संभल में गाड़ी के दरवाजे काटकर निकाले शव, 2 किमी दूर जा रही थी बारात

**संभल।** संभल में शुक्रवार की शाम भीषण हादसा हुआ। यहां बारात ले जा रही बोलेरो बेकाबू होकर एक इंटर कॉलेज की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने गाड़ी के दरवाजे काटकर घायलों को बाहर निकाला। लेकिन दूल्हा, उसकी भाभी समेत 5 की मौत हो चुकी थी। जबकि दूल्हे की बहन समेत 3 ने अस्पताल में दम तोड़ा।



हादसे में 2 घायल हैं। दोनों की हालत नाजुक है। उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

गाड़ी में 10 लोग सवार थे। बारात महज 2 किमी दूर बदायूं के सिरसौल गांव जा रही थी।

हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में हुआ।

दूल्हा सूरज (24) संभल में जुनावई थाना क्षेत्र के हर गोविंदपुर का रहने वाला था। वह शुक्रवार की शाम बारात लेकर बदायूं की तहसील बिल्सी के गांव सिरसौल जा रहा था। उसकी गाड़ी में परिवार की महिलाएं और रिश्तेदार समेत 10 लोग बैठे हुए थे।

हादसे की जानकारी मिलते ही एएसपी दक्षिण अनुकृति शर्मा और क्राइम इंस्पेक्टर बलराम सिंह यादव मौके पर पहुंचे।

इंस्पेक्टर यादव ने घटनास्थल पर मिले पहचान पत्रों के आधार पर परिवार को हादसे की सूचना दी।

**कोलकाता गैंगरेप केस** — 4 घंटे सीन री-क्रिएट किया, अफसर बोले- कॉलेज खोला जाए, गार्ड रूम-यूनियन रूम बंद रखें

# कोलकाता गैंगरेप केस- पुलिस आरोपियों को लॉ कॉलेज ले गई

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज पहुंची थी।

तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब चार घंटे लगे।

इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया। मामले की जांच



फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। सुरक्षा गार्ड पिनाकी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसकी पुलिस रिमांड 4 जुलाई तक है।

इधर, शुक्रवार को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के अधिकारी 29 जून से बंद कैंपस को दोबारा खुलवाने की मांग को लेकर कोर्ट पहुंचे। पुलिस ने कॉलेज से कहा कि यूनियन रूम और गार्ड रूम बंद रहेंगे।

घटना 25 जून को पश्चिम बंगाल की राजधानी के कस्बा क्षेत्र में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई। 5 दिन बाद, 30 जून को कोलकाता पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को 12 घंटे से भी कम समय में गिरफ्तार किया था।

### कॉलेज प्रशासन बोला- परीक्षाएं होनी हैं, वेतन देना है

कॉलेज ने अदालत को बताया कि 200 से ज्यादा छात्रों को जल्द ही सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होना है और उन्हें इसके लिए फॉर्म भरने की जरूरत है। कर्मचारियों के वेतन का भी भुगतान किया जाना है। कॉलेज अधिकारियों ने परिसर के अंदर उचित सतर्कता के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया। अधिकारियों को पुलिस से ईमेल मिला है। जिसमें पुलिस की एनओसी है। प्रशासन को कर्मचारियों का अटेंडेंस रजिस्टर जैसे दस्तावेज अपने पास रखने होंगे।

# पंजाब में रिटायर्ड डीएसपी ने बेटे की हत्या की

### पत्नी-पुत्रवधू को भी गोलियां मारीं; थाने के बाहर रिवॉल्वर से 4 राउंड फायरिंग की

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को थाने के बाहर सीआरपीएफ के रिटायर्ड डीएसपी ने पहली पत्नी, बेटे और पुत्रवधू को गोलियां मार दीं। सिर में गोली लगने से बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और पुत्रवधू की हालत गंभीर है। पत्नी आईसीयू में भर्ती है। उसे गले में गोली लगी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। रिटायर्ड डीएसपी तरसेम सिंह राजासांसी का रहने वाला है। उसने करीब 45 साल पहले दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी



जागीर कौर के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। जागीर का एक बेटा और बेटी हैं। जबकि दूसरी पत्नी के 2 बेटे हैं।

जागीर की बेटी का आरोप है कि दूसरी पत्नी के बेटों ने मां के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत पुलिस को दी थी। इस के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था।

# संपादकीय

## कैब के नए नियम : किराया दोगुना, सेवाएं आधी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

केंद्र सरकार ने हाल ही में मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 (MVAG 2025) जारी किए हैं, जिसके तहत कैब सेवा प्रदाता कंपनियों जैसे ओला, उबर, रैपिडो और इनड्राइव को पीक आवर्स में आधार किराए का दोगुना तक वसूलने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा डेढ़ गुना थी। इसके साथ ही, गैर-पीक आवर्स में किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। ये नए नियम यात्रियों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ाने के साथ-साथ कैब सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता पर भी सवाल उठा रहे हैं।

### किराया वृद्धि और इसके प्रभाव

नए नियमों के अनुसार, कैब कंपनियां अब व्यस्त समय में यात्रियों से दोगुना किराया वसूल सकेंगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी शहर में 3 किलोमीटर की राइड का आधार किराया 100 रुपये है, तो पीक आवर्स में यह 200 रुपये तक हो सकता है। गैर-पीक आवर्स में यह किराया 50 रुपये तक कम हो सकता है। यह लचीलापन कंपनियों को मांग और आपूर्ति के आधार पर किराया समायोजित करने की अनुमति देता है, लेकिन इससे यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है। खासकर उन लोगों के लिए जो रोजाना कैब सेवाओं पर निर्भर हैं, जैसे कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, छात्र और छोटे व्यवसायी, यह नियम आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

हालांकि, सरकार का तर्क है कि यह बदलाव पीक समय में कैब की उपलब्धता बढ़ाएगा और ड्राइवरों की आय में सुधार करेगा। लेकिन उपभोक्ता संगठनों ने चेतावनी दी है कि बिना उचित मूल्य नियंत्रण के यह वृद्धि मध्यम और निम्न-आय वर्ग के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

### ड्राइवरों पर नए नियमों का असर

नए दिशानिर्देशों में ड्राइवरों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं। यदि कोई ड्राइवर बिना वैध कारण के राइड रद्द करता है, तो उस पर आधार किराए का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, जो 100 रुपये से अधिक नहीं होगा। साथ ही, ड्राइवरों के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर अनिवार्य कर दिया गया है। ये कदम ड्राइवरों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए उठाए गए हैं, लेकिन इसका असर किराए में वृद्धि के रूप में यात्रियों पर पड़ सकता है।

हालांकि, ड्राइवरों की शिकायतें भी कम नहीं हैं। कई ड्राइवरों का कहना है कि कंपनियां पहले से ही उच्च कमीशन वसूलती हैं, जिससे उनकी आय सीमित हो जाती है। नए नियमों से किराया बढ़ने पर भी उनकी आय में कितना सुधार होगा, यह स्पष्ट नहीं है।

### सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल

नए नियमों के लागू होने के साथ ही कैब सेवाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। अक्सर देखा गया है कि ड्राइवर मनमाने ढंग से राइड रद्द कर देते हैं या डिजिटल भुगतान पर जोर देते हैं। इसके अलावा, पीक आवर्स में कैब की उपलब्धता कम होने की शिकायतें भी आम हैं। नए नियमों में उपलब्धता बढ़ाने का दावा किया गया है, लेकिन यह कितना प्रभावी होगा, यह समय ही बताएगा।

### निष्कर्ष

कैब के नए नियम यात्रियों और ड्राइवरों दोनों के लिए मिश्रित प्रभाव ला सकते हैं। एक ओर जहां यह कंपनियों को लचीलापन देता है, वहीं दूसरी ओर यह यात्रियों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ा सकता है। साथ ही, सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार के दावों को हकीकत में बदलने के लिए सख्त निगरानी और पारदर्शिता जरूरी है। अन्यथा, किराया दोगुना, सेवाएं आधी की यह कहावत सच साबित हो सकती है।

## बड़े लक्ष्यों के लिए बहुत कुछ करना बाकी

हिमाचल प्रदेश ने देश की शिक्षा व्यवस्था में एक नया अध्याय लिखा है, जो न केवल राज्य की उपलब्धि है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। हिमाचल ने वर्ष 2021 के नेशनल अचीवमेंट सर्वे में 21वें स्थान से छलांग लगाकर 2025 में 5वां स्थान प्राप्त किया है। यह बदलाव मात्र आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि उस नीति परिवर्तन का प्रमाण है, जिसे प्रदेश में व्यावहारिक रूप में लागू किया गया है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय को ठोस कार्रवाई से जोड़कर एक अनुकरणीय मॉडल बना दिया गया है। इस मॉडल का आधार शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, प्रशासनिक दक्षता और प्रमाण-आधारित नीति निर्माण रहा है।

राज्यों की शिक्षा व्यवस्था की रैंकिंग के पीछे कई कारण होते हैं। पंजाब और हरियाणा में बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात, मजबूत स्कूल प्रशासन और सामुदायिक भागीदारी ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक ने प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण और विकेन्द्रित शैक्षणिक योजना का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। दूसरी ओर, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शिक्षकों की अनुपस्थिति, उच्च छात्र-शिक्षक अनुपात और कमजोर बुनियादी ढांचे की समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली में प्रशासनिक टकराव और प्रवासन के कारण सरकारी स्कूलों में अत्यधिक नामांकन से शिक्षा की गुणवत्ता में विसंगति बनी रहती है। जम्मू-कश्मीर में मौसम और सुरक्षा संबंधी बाधाओं के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं बनी रहती हैं। इस प्रकार, प्रशासनिक क्षमता और प्रणालीगत असमानताएं राज्यों की शिक्षा रैंकिंग को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

हिमाचल की बात करें तो 2000 के दशक में इसकी शुरुआत एक मजबूत नींव के साथ हुई थी, लेकिन 2017 तक ठहराव आ गया और फिर कोविड-19 महामारी के बाद 2021 में भारी गिरावट दर्ज की गई। लेकिन वर्ष 2025 में शिक्षा के बुनियादी स्तर पर केंद्रित सुधार, प्रशासनिक पुनर्गठन और प्रमाण-आधारित फैसलों ने एक नई ऊर्जा भर दी। सरकार ने 1,160 गैर-कार्यशील स्कूलों को बंद करने का साहसिक निर्णय लिया, जिनमें 911 प्राथमिक, 220 मिडल, 14 हाई और 15 सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल थे। इनमें अधिकतर स्कूलों में छात्र संख्या नाममात्र थी या वे संचालन के मानकों का उल्लंघन कर रहे थे। सरकारें इस विषय पर स्थानीय विधायकों और वोट बैंक के दबाव में झुकती रहीं, लेकिन अब शासन ने स्पष्ट कर दिया कि राज्य के सीमित संसाधनों को केवल जनहित में प्रभावी उपयोग में लाया जाएगा।

हिमाचल की एनएएस रैंकिंग में सुधार के पीछे छह ठोस नीतिगत बदलाव रहे। राज्य ने एक हजार से अधिक कम नामांकन वाले स्कूलों का विलय कर शिक्षक नियुक्तियों को व्यावहारिक बनाया और प्रशासनिक खर्च घटाया। शिक्षा निदेशालय को पूर्व-प्राथमिक से लेकर 12वीं कक्षा तक एकीकृत कर दिया गया जबकि उच्च शिक्षा को अलग कर दिया गया, जिससे जवाबदेही और निगरानी को स्पष्ट दिशा मिली। राज्य ने अंग्रेज़ी को कक्षा-1 से माध्यम बनाकर भाषा सीखने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है।

## दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

ललित गर्ग



तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे।

यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है।

लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए।

अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही। भारत में बसे तिब्बती शरणार्थियों को शिक्षा, रोज़गार और यात्रा से संबंधित नागरिक अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाकर भारत उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर सकता है। भारत में इस वक्त करीब 1 लाख से ज्यादा तिब्बती बौद्ध रहते हैं, जिन्हें पूरे देश में पढ़ाई और काम की स्वतंत्रता है। दलाई लामा को भारत में भी काफी सम्मान दिया जाता है।

दलाई लामा के उत्तराधिकारी का प्रश्न केवल एक व्यक्ति के चयन का विषय नहीं, बल्कि यह बौद्ध संस्कृति, तिब्बती आत्मनिर्णय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का सवाल है। चीन की तानाशाही मानसिकता इसे नियंत्रित करना चाहती है, जबकि भारत को इसकी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। भारत को इस धर्म-राजनीति के संघर्ष में विवेकपूर्ण, दृढ़, निर्णायक और न्यायोचित भूमिका निभाते हुए न केवल तिब्बती जनता का, बल्कि विश्व भर के धार्मिक अधिकारों का भी संरक्षक बनना चाहिए। यही भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की नीति की सच्ची अभिव्यक्ति होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3581




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3580 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह !' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह !' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं ?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना !''

''जी ! क्या बात हो गई ?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई !''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3581



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्वाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3580



## सूडोकु -3581

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3580 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली -3581



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

शब्द पहेली - 3580 का हल



# नोएडा प्राधिकरण की औद्योगिक विकास मंत्री ने की समीक्षा

## इकाइयों को करे फंक्शनल, पैरवी नहीं करने वाले वकीलों को हटाए, जल्द पूरी करे विभागीय जांच

**नोएडा।** इन्वेस्टर समिट के दौरान निवेश के लिए जो भी एमओयू साइन किए गए सबसे पहले उसको देखा गया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि एमओयू के सापेक्ष आवंटित की गई भूमि पर इकाइयों को जल्द से जल्द कार्यशील कराया जाए। जिन भी अधिकारियों और कर्मचारियों की विभागीय जांच चल रही है। शासन स्तर से समन्वय बनाकर उसका निपटारा कराए। प्रभावी पैरवी नहीं करने वाले वकीलों को प्राधिकरण के पैनल से हटाया जाए। साथ ही परिसंपत्तियों के सापेक्ष मानचित्र स्वीकृति में देरी होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

इसके बाद भू-उपयोग की आवंटित प्लाट की फाइलों को देखा गया। निवेश और रोजगार बढ़ाने पर चर्चा की गई। इस दौरान नंद गोपाल नंदी ने 100 रुपए से बड़े बकायादारों से कितनी वसूली हो चुकी है। इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जो मामले में अदालत में है उनमे पैरवी की जाए। बाकी पर एक्शन लिया जाए। वहीं स्टॉल्ड लीगेसी के तहत बिल्डर की ओर से जमा कराए गई रकम और रजिस्ट्री की समीक्षा की गई।

### सिविल विभाग की परियोजना की समीक्षा



सिविल विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं जिसमें डीएससी मार्ग पर अगाहपुर पेट्रोल पम्प से एनएसईजेड तक एलिवेटेड रोड, सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन, चिल्ला एलिवेटेड, सेक्टर-151ए में गोल्फ कोर्स, सेक्टर-146 व 147 के मध्य एक्सप्रेस वे के समानांतर निर्मित 45 मीटर रोड चौड़ीकरण, सेक्टर 51 सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काई वॉक आदि के बारे में जानकारी दी गई। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया।

### विद्युत यांत्रिकी विभाग की समीक्षा

विद्युत यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं जिसमें सब स्टेशन, एचटी एवं एलटी ओवरहेड लाइन को अंडरग्राउंड करने के कार्य की प्रगति देखी। कहा गया कि इनको जल्द पूरा कराया जाए। ताकि निर्बाध आपूर्ति की जा सके। उद्यान विभाग के अंतर्गत थीम पार्क वेस्ट टू वंडर पार्क (नेचर ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू), सेक्टर-94 एवं जीआईपी मॉल सेक्टर-18 के सामने घंटाघर के निर्माण कार्य की प्रगति की का संज्ञान लिया गया।

### वकीलों को किया जाए पैनल से बाहर

प्राधिकरण का तमाम अदालतों में वाद चल रहे है। कई मामलों में पैरवी बेहतर नहीं है। जबकि कई में बेहतर पैरवी की जा रही है।

वकीलों द्वारा परफार्मेंस और आउटपुट के आधार पर उनकी समीक्षा की जाए। जिनका कार्य असंतोषजनक मिले उनको प्राधिकरण के पैनल से हटाया जाए।

उनके स्थान पर नए वकीलों को हायर किया जाए। जिन कर्मियों और अधिकारियों की जांच चल रही है शासन स्तर से समन्वय बनाते हुए तत्काल निपटारा कराया जाए।

# डॉ बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में गोद भराई

## अन्नप्राशन कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान जी की गरिमामयी उपस्थिति में आज आंगनबाड़ी केंद्र छलेरा विकासखंड बिसरख नोएडा में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा VHSND सत्र (Village Health Sanitation & Nutrition Day) में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की और साथ ही उन्हें पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए पोषण युक्त आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी किट भी वितरित की गई।



माननीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में इनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की और समाज के प्रत्येक वर्ग से पोषण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के उपरांत माननीय अध्यक्ष ने अपना घर आश्रम, जिला महिला बंदी गृह तथा आनंद निकेतन वृद्ध सेवा आश्रम का स्थलीय निरीक्षण भी किया। अपना घर आश्रम व जिला महिला बंदी गृह में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुविधाएं सुदृढ़, सुरक्षित और संवेदनशील रूप से संचालित हों।

इसके पश्चात उन्होंने नोएडा सी-5, सेक्टर-55 स्थित आनंद निकेतन वृद्ध सेवा आश्रम का भ्रमण किया, जहां उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनके परिवारजनों से संवाद किया। उन्होंने आग्रह किया कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक अपने साथ रखने के लिए परिवार आगे आएं।

माननीय अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने आश्रम परिसर, कैंटीन और स्टाफ व्यवस्था की भी बारीकी से जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवता के दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को कदापि बर्दाश्त न किया जाए। कोई भी लापरवाही संज्ञान में आने पर तत्काल दोषियों के विरुद्ध विभागीय जांच उपरांत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# नोएडा में 3.29 करोड़ के फ्राड में तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 3.29 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो की गिरफ्तारी दिल्ली और एक को नोएडा से पकड़ा गया। साथ ही फ्राड किए गए 17 लाख रुपए फ्रीज कराये गये।

एडसीपी साइबर ने बताया कि महिला को अज्ञात फोन नंबर से कॉल आया था। जिसके बाद उनको बताया गया था कि आपके आधार कार्ड से कई बैंक खाते खोले गए। जिनका प्रयोग जुआ व अवैध हथियार की खरीद करने में किया गया है। आपको गिरफ्तार किया जाएगा। इसी का डर दिखाकर महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' कर 3.29 करोड़ की ठगी की गई थी।

गिरफ्तार आरोपियों में दुपिन्दर सिंह उर्फ गिन्नी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने बैंक खाते को सह अभियुक्त विनय को दे दिया था। जिस पर धोखाधडी से संबंधित धनराशि प्राप्त की जाती थी। उक्त धनराशि का 15 प्रतिशत दुपिन्दर सिंह को मिला। इसके खाते में 93 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। दूसरा आरोपी विनय समानिया ने बताया कि वह दुपिन्दर सिंह का बैंक खाता 25 प्रतिशत कमीशन पर अपने अन्य साथियों को दे दिया करता था। तीसरा आरोपी मंदीप सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने अपने बैंक खाते पर धोखाधड़ी की धनराशि मंगाने के लिए 50 हजार रुपए अपने एक साथी से लिये व उसे अपना बैंक खाता दे दिया। मंदीप सिंह के खाते में 71 लाख रुपए ट्रांसफर हुए है। इनके खातों से भी आगे पैसा ट्रांसफर किया गया पुलिस अब उन खातों की जांच कर रही है। जल्द ही और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# नोएडा सुरक्षा में तैनात दो कांस्टेबलों के साथ मारपीट

**राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में सुरक्षा के तौर पर तैनात, चार से पांच अज्ञात पर मुकदमा**

**नोएडा।** सेक्टर 95 दलित प्रेरणा स्थल पार्क में सुरक्षा के लिए तैनात दो कांस्टेबलों के साथ में गुरुवार रात चार से पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट कर फरार हो गए। इस घटना में दोनों कांस्टेबलों को गंभीर चोट आई है। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में प्लाटून कमांडर ने फेज वन थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को प्लाटून कमांडर जगबीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश विशेष परिक्षेत्र सुरक्षा वाहिनी लखनऊ की बटालियन सेक्टर 14 ए के पास स्थित राष्ट्रीय दलित परिणाम स्थल की निगरानी में लगी है। गुरुवार को नाइट शिफ्ट में कॉन्स्टेबल विजय कुमार और रामकिशन की ड्यूटी रात एक बजे से सुबह 9 बजे तक लगी थी। आरोप है कि देर रात 2 बजे के करीब चार से पांच अज्ञात व्यक्ति दलित प्रेरणा स्थल पर पहुंचे। सुरक्षा की वजह से दोनों कॉन्स्टेबल उन्हें जाने के लिए बोले कि इस वे लोग कहासुनी करने लगे। कॉन्स्टेबल विरोध किए तो आरोपियों ने उनके साथ में मारपीट किए। इस घटना में दोनों को गंभीर चोट आई है। उन्हें एंबुलेंस की मदद से नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# नोएडा में विदेशी चेन ऑनरशिप दिलाने पर 62 लाख ठगे

## फेसबुक से किया संपर्क, यूएसडीटी का ऑर्डर पूरा कर मुनाफा कमाने का दिया झांसा

**नोएडा।** विदेशी चेन की ऑनरशिप दिलाने और ऑर्डर पूरा करने पर 20 प्रतिशत मुनाफा कमाने का झांसा देकर विदेशी महिला ने एक व्यक्ति के साथ 62 लाख 43 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली। रिश्तेदारों, करीबियों और लोन लेकर पीड़ित ने महिला द्वारा बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर की। ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित ने महिला के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने रकम कैसे भेजी इसकी जांच पुलिस की टीम ने करनी शुरु कर दी है।

### रोजाना एक हजार डॉलर कमाई का किया दावा

पुलिस को दी शिकायत में जेवर निवासी रामजीत सिंह ने बताया कि फेसबुक पर उनका संपर्क मियोंगली नाम की महिला से हुआ। सिंगापुर निवासी 36 साल की मियोंगली ने अपना पहला पता चीन का बताया। उसने एक चेन स्टोर में ऑनलाइन काम करने की जानकारी दी। रोजाना इसमें एक हजार डॉलर की कमाई होने का दावा भी किया। उसकी ओर से बताया गया कि चेन स्टोर की ऑनरशिप लेने से ऑर्डर पर 20 त्न का मुनाफा होता है। इस स्टोर के लिए रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। फिर स्टोर की ऑनरशिप लेकर कमाई की जाती है।

### ऐप पर पेमेंट कराया

इसमें किसी ग्राहक ने ऑर्डर किया तो पहले इसका भुगतान खुद करना पड़ता है। इसके बाद ग्राहक के पास ऑर्डर पहुंचते ही उसकी रकम 20 प्रतिशत मुनाफे के साथ स्टोर के वॉलेट में आ जाती है। पूरी रकम दो से चार दिन के अंदर जाती है।

कुछ दिन बाद उस महिला ने शिकायतकर्ता को अपना वॉट्सऐप नंबर भी दिया। बातचीत करने के बाद उसने रामजीत से वॉलमॉर्ट ऑनलाइन डॉट कॉम पर स्टोर आईडी बनवाई। जिस पर ऑर्डर का कार्य शुरू हुआ। ऑर्डर की पेमेंट एक ऐप के माध्यम से करने को कहा गया।

### रुपए को एक्सचेंज कर आर्डर किया पूरा

शिकायतकर्ता ने रुपयों को एक्सचेंज कर ऑर्डर पूरे किए। फिर पीड़ित ने मुनाफे की रकम निकालने के लिए चेन स्टोर संचालकों से बातचीत की। जिस पर उन लोगों ने टैक्स चार्ज लगने की बात कही। बताया गया कि आपको मुनाफे पर 19 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इसके बाद, प्रोसेसिंग फीस समेत अन्य कर को जोड़कर 3605 यूएसडीटी देने के लिए बोला गया। बताया गया कि ऐसा करने के बाद मुनाफे समेत पूरी रकम डॉलर में शिकायतकर्ता के खाते में जा जाएगी। शिकायतकर्ता ने जब ऐसा करने से मना किया तो ठगों ने उससे संपर्क तोड़ लिया। ऐसे में उसकी 62 लाख रुपए से अधिक की रकम डूब गई।

# ग्रेनो में 25 करोड़ की लागत से बनेंगे सामुदायिक केंद्र

## 12 सेक्टरों में निर्माण शुरू, 4 में जल्द होगा काम, दो मंजिला भवन में होंगी कई सुविधाएं

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 16 सेक्टरों और गांवों में सामुदायिक केंद्र बनाने का काम शुरू किया है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर यह परियोजना शुरू की गई है। इस पर कुल 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

12 सेक्टरों में निर्माण कार्य चल रहा है। ये सेक्टर हैं - ओमीक्रॉन वन ए, ज्यू वन, ज्यू टू, ज्यू थ्री, ईटा वन, जीटा वन, डेल्टा थ्री, सेक्टर 37, सेक्टर 36, पाई वन, स्वर्णनगरी और चिपियाना बुजुर्ग। सेक्टर-3, सिरसा, डाढ़ा और लुक्सर में जल्द ही निर्माण शुरू होगा।

सभी सामुदायिक केंद्र दो मंजिला होंगे।



ग्राउंड फ्लोर पर लॉबी, पार्टी हॉल, किचन, स्टोर, एक कमरा और शौचालय बनेंगे। पहली मंजिल पर लॉबी, लाइब्रेरी और शौचालय होंगे। हर केंद्र में 50 वाहनों की पार्किंग की सुविधा होगी।

महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह के अनुसार, इस साल के अंत तक अधिकांश केंद्र बनकर तैयार हो जाएंगे। सीईओ ने निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इससे स्थानीय लोगों को सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान मिल सकेगा।

### निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्र

1. ओमीक्रॉन वन ए 2. ज्यू वन 3. ज्यू टू 4. ज्यू थ्री 5. ईटा वन 6. जीटा वन 7. डेल्टा थ्री 8. सेक्टर 37 9. सेक्टर 36 10. पाई वन 11. स्वर्णनगरी 12. चिपियाना बुजुर्ग

### प्रस्तावित बरातघर

13. सेक्टर-3 14. सिरसा 15. डाढ़ा 16. लुक्सर-

## यूपी जल निगम के पेंशनर्स का विरोध

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जल निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने शुक्रवार को मौन प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। गाजियाबाद जल निगम कार्यालय पर सेवानिवृत्त अभियंता और कनिष्ठ अभियंता समेत कई पेंशनर्स एकत्र हुए। इंजीनियर विनेश कुमार की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन का संयोजन इंजीनियर राहुल कुमार ने किया। पेंशनर्स की प्रमुख मांगों में पिछले 6 माह की बकाया पेंशन का भुगतान शामिल है। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद का बकाया भी नहीं मिला है।

# प्रदेश में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बच्चों का किया जा रहा है संरक्षण, बाल विकास व पुनर्वास

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को सवांरा है। बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं सहित वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिलाओं, अनुसचित जाति/जनजाति के लोगों पिछड़ों, गरीबों श्रमिकों सहित समाज के कमजोर वर्गों को रोजगार के अवसर सहित विभिन्न संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य (पूर्व की बाल संरक्षण सेवा योजना) शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना. हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक ईको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो।

इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरुप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। मिशन वात्सल्य अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखभाल को बढ़ावा दिया जाता है।

मिशन वात्सल्य् के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं।

मिशन वात्सल्यष् को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया गया है। मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित है।

मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत घर से भागे हुये बच्चों, गुमशुदा बच्चों, तस्करी किये गये बच्चों, कामकाजी बच्चों, गली मुहल्लों में रहने वाले, बाल भिखारी, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले बच्चों आदि की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा खोले गये आश्रयों में उनका विकास किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों के प्रदेश में कुल 58 राजकीय संस्थायें (27) राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, 08 बाल गृह (बालक), 05 बाल गृह (बालिका), 06 बाल गृह (शिशु), 05 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 02 विशेष गृह, 01 प्लेस ऑफ सेफ्टी, 05 पश्चात्वर्ती देख रेख संगठन) संचालित है।

साथ ही पी0पी0पी0 माडल के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से जनपद लखनऊ में मानसिक मंदित विशेषीकृत बच्चों के लिए 02 राजकीय विशेषीकृत संस्थायें संचालित है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक कुल 1713 बालकों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया है। अभी तक 1007 बच्चों को स्पॉन्सरशिप से तथा 05 बच्चों को फॉस्टर केयर के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है।

## एसी कंप्रेसर फटने से ग्रेटर नोएडा के फ्लैट में आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की माय फेयर सोसाइटी में एक फ्लैट में एसी कंप्रेसर फटने से आग लग गई। यह हादसा बिसरख थाना क्षेत्र की सोसाइटी के फ्लैट नंबर डी 1501 में हुआ। दोपहर 2: 58 बजे फायर सर्विस को सूचना मिली। तुरंत तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के समय फ्लैट के मालिक बाहर गए हुए थे। फ्लैट में 15 वर्षीय नौकरानी और एक पालतू कुत्ता मौजूद थे। घर का दरवाजा बाहर से बंद था। सोसाइटी के लोगों ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास भी किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एसी कंप्रेसर में विस्फोट के बाद आग लगी। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। फ्लैट में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

# गाजियाबाद में मजार पर भड़कीं मेयर सुनीता दयाल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मेयर सुनीता सुनीता दयाल मौलाना पर भड़क गईं। अतिक्रमण को लेकर उन्होंने मजार के मौलाना को लेकर नाराजगी जाहिर की है। सड़क किनारे मजार बनाकर अतिक्रमण करने पर मेयर ने नाराजगी जताई है। गाजियाबाद में पहले भी मेयर अतिक्रमण खाली करा चुकी हैं, सड़क किनारे अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर



निगम के क्षेत्र में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेयर सुनीता ने आदेश कराकर कहा कि अवैध गतिविधि बंद की जानी चाहिए। नगर निगम के क्षेत्र में पूर्व में अतिक्रमण हटवा गया था, लेकिन डासना में मजार कि अतिक्रमण को पूर्व हटाया था। डासना का रहने वाला मौलाना सड़क पर अवैध रूप से रह रहा है। हर जुमे को यहां मजार पर लोग प्रसाद चढ़ाने भी आते हैं। इस मामले में पुलिस को भी निर्देश दिए कि यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाता है तो तत्काल ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाए। दोबारा से अतिक्रमण न किया जाए।

# शार्ट न्यूज

## ग्राम समाज की जमीन से अतिक्रमण हटा



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश पर दादरी तहसील में ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। धूम मानिकपुर गांव में कुछ लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इन लोगों ने वहां अवैध प्लाटिंग भी कर रखी थी। प्रशासन ने कई बार कब्जा हटाने के निर्देश दिए। लेकिन लोगों ने इन निर्देशों की अवहेलना की। आज दादरी तहसील का दस्ता धूम मानिकपुर गांव पहुंचा। टीम ने खसरा संख्या 2946 की 0.4870 हेक्टेयर भूमि पर चल रहे अतिक्रमण को हटाया। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से इस जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया।

## नोएडा में स्पोर्टस कार का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-44 की मुख्य सड़क पर स्पोर्टस कार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि पहले स्पोर्टस कार सड़क की साइड में रुकती है। उससे एक व्यक्ति बाहर निकलता है। इसके बाद स्पोर्टस कार सड़क पर कई राउंड लगाती है। पिछले पहिए पर इतना प्रेशर दिया गया कि सड़क पर धुआं-धुआं हो गया। लोगों ने वीडियो पुलिस को टैग किया और कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने वायरल वीडियो और कार कही नंबर के आधार पर जांच कर रही है। ये वीडियो सेक्टर 45, 46,47,100,107 सदरपुर आदि आने-जाने वाले रास्ते पर बनाया गया। जिस समय वीडियो बनाया गया सामने से एक डिलिवरी बॉय बाइक से आ रहा था। उसने अपनी बाइक तक रोक दी। इसके अलावा एक बाइक सवार और भी था जो मुश्किल से वहां से निकला। वीडियो के बाद ही ट्रैफिक सामान्य हो सका। इसके बाद वीडियो शूट करने वाला व्यक्ति स्पोर्टस कार में बैठा और चला गया। उसके आसपास दो से तीन और कार चलती दिखी। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा में बारिश से जलभराव



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। गोल चक्कर के आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। डीएम दफ्तर के आसपास भी पानी भर गया है। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। लोगों को आवाजाही के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्राधिकरण द्वारा किए गए दावों की पोल खुल गई है। पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। डीएम दफ्तर के आसपास तो इतना पानी भर गया कि लोगों को अपनी मोटरसाइकिल निकालने के लिए पानी में उतरना पड़ा ।

## यमुना एक्सप्रेसवे से गांजा तस्कर धरा



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के पास से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 637 ग्राम गांजा और 1600 रुपये बरामद किए हैं। शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से गांजा मिला। पकड़े गए आरोपी की पहचान रबूपुरा क्षेत्र के खेरली भाव गांव निवासी असलूप के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से क्षेत्र में गांजे की सप्लाई कर रहा था। उसने अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए यह काम करना शुरू किया था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# कानपुर-गाजियाबाद में जोरदार बारिश, सहारनपुर में युवक बहा

## काशी में रत्नेश्वर मंदिर आधा डूबा, आज 39 जिलों में बारिश का अलर्ट

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में मानसून सीजन में नदियां उफान पर हैं। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। यह दुनिया का पहला झुका हुआ मंदिर माना जाता है, जो 9 डिग्री पर झुका हुआ है। हरिश्चंद्र घाट भी डूब गया। इसके चलते शवदाह स्थल की जगह बदल दी गई है।

इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। काशी में गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है। रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 71.262 है।

कल सुबह से ही लखनऊ, वाराणसी, बलरामपुर, मेरठ, नोएडा, उन्नाव, पीलीभीत, गोंडा, सहारनपुर, जालौन और ललितपुर समेत 15 जिलों में रुक-रुककर बारिश होती रही। ललितपुर में गुरुवार रात 2 बजे से शुरू हुई बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार सुबह सहारनपुर में बरसाती नदी में तेज पानी आ गया। नदी को पार करते समय बाइक सवार युवक बह गया। ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया।



मौसम विभाग ने प्रदेश में कल, 5 जुलाई को प्रयागराज, वाराणसी समेत 39 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 4 दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

### कानपुर में एक घंटे की बारिश से सड़कों पर एक फीट पानी भरा

कानपुर में एक घंटे की झमाझम बारिश से शहर की सड़कों, गली मोहल्लों में एक फीट तक पानी भर गया। जगह-जगह जाम लग गया। कल्याणपुर, स्वरूप नगर, विकास नगर रावतपुर, चुन्नीगंज, ग्वालटोली सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में जल भराव की समस्या हुई।

### सहारनपुर की नदी में आम से लदा ट्रक फंसा

उत्तराखंड के पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश से सहारनपुर में नदियां उफान पर आ गई हैं द्य शुक्रवार की रात मिर्ज़ापुर के रायपुर की पजना राव नदी में अचानक तेज पानी आ गया द्य पानी को पार करते आम से भरा ट्रक पानी के बीच मे फंस गया है द्य ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

# सौतेले बेटे ने सुपारी देकर पिता की हत्या कराई

## देवरिया में स्कूल मैनेजर का सिर धड़ से अलग शव मिला था

**देवरिया।** देवरिया में सौतेले बेटे ने 50 हजार की सुपारी देकर अपने पिता की हत्या करा दी। वह अपने बड़े भाई को ज्यादा जमीन देने से नाराज था। पुलिस ने सौतेले बेटे समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। 3 आरोपी अभी फरार हैं। मामला रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र का है।

### सिलसिलेवार जानिए पूरा मामला

फतेहपुर गांव में रहने वाले धनंजय पाल (55) डीडीएन पब्लिक स्कूल नाम से 8वीं तक का स्कूल चलाते थे। उनका स्कूल घर से करीब 500 मीटर दूर रामनगर टोला में है। धनंजय पाल



यह तस्वीर धनंजय पाल की है। जिनकी 27 जून की रात हत्या कर दी गई।

की एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। स्कूल चलाने में धनंजय अपने भतीजे संजीव उर्फ पिंटू की मदद लेते थे और उसी के साथ रहते थे। उनका दूसरा भतीजा पंकज पाल मर्चेंट नेवी में मुंबई में काम करता है। तीसरा भतीजा मृत्युंजय पाल पूना में रहता है।

धनंजय के बड़े भाई हरी लाल का 30 साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार और ग्रामीणों के कहने पर धनंजय ने अपनी भाभी से शादी कर ली थी। भाई के तीन बेटे थे, धनंजय ने तीनों बेटों को भी अपना लिया था। इसी बीच धनंजय की एक बेटी भी हुई।

धनंजय पाल शादी के बाद 20 साल तक ओमान में रहकर नौकरी करते रहे। इस बीच उन्होंने काफी अच्छा पैसा कमाया। गांव में ही कुछ खेत भी खरीदे।

उसी जमीन पर गांव में स्कूल बनवाया था, जिसकी देख-रेख संजीव कर रहा था। यह बात उसके भाई मृत्युंजय को खटकती थी।

## झांसी में ट्रेन के कोच में बम की सूचना

**झांसी।** हजरत निजमुद्दीन से चलकर दुर्ग जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। ट्रेन झांसी पहुंची तो रेल प्रशासन से लेकर पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधी दस्ते ने पूरी ट्रेन को घेर लिया। एक-एक कोच को पूरी तरह खाली करा कर अब सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा ने बताया कि रेलवे के हेल्प लाइन रेल मदद पर सूचना मिली है कि हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12824) के स्लीपर कोच में बम रखा है। यह जानकारी मिलते ही मंडल का रेल प्रशासन हिल गया। आनन फानन में पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी, बम निरोधी दस्ता और डॉग स्क्वायड को सूचना दी गई। ट्रेन रात 11.31 बजे जैसे ही झांसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर 2 पर आई तो सुरक्षा बालों ने ट्रेन को घेर लिया। साथ ही पूरा प्लेटफॉर्म खाली करा कर युद्ध स्तर पर सर्च ऑपरेशन की तैयारी की। यहां ट्रेन जैसे ही रुकी तो सुरक्षा बलों ने एक एक कार सभी स्लीपर और एसी कोच खाली करा लिए।

## दो शातिर गो तस्कर गिरफ्तार,जेल रवाना

### इंस्पेक्टर श्रीनिवास पांडेय के नेतृत्व में मिली सफलता

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**



**अम्बेडकरनगर।** कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा दो शातिर गोतस्कर इमरान पुत्र बिन्दसेरी, सलमान पुत्र सेराज को एक पिकअप में काटने के लिये ले जा रहे एक राशि बैल (सांड़) के साथ गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को कोतवाली अकबरपुर को जरिये दूरभाष सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध पिकप वाहन एनटीपीसी की तरफ से अकबरपुर की ओर आ रहा है जिसमे गो-वंश लदे है।प्राप्त सूचना पर थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहितीपुर तिराहा शहजादपुर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन की चैकिंग की गई कुछ ही समय मे एक पिकप तहसील तिराहे की तरफ से तेजी से आता दिखाई दिया जिसे बैरियर लगाकर रोक लिया गया चेक किया गया तो उसमे एक राशि बैल (सांड़) काला रंग बरामद हुआ तथा पिकप मे दो व्यक्ति बैठे मिले नाम पता पूछा गया तो लोडर चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम इमरान पुत्र बिन्दसेरी निवासी ग्राम नहिया पार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष बताया व दूसरे ने अपना नाम सलमान पुत्र सेराज निवासी ग्राम-कलापुर गभिना बाजार थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष बताया।

## कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत परखी सुरक्षा व्यवस्था

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार द्वारा आगामी श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र अन्तर्गत अन्नावां चौराहा पर भ्रमण किया गया।आगामी त्यौहार सावन मास में कांवड़ यात्रा को लेकर बारीकी से हर एक पहलू की निगरानी की गई।इस दौरान कांवड़ यात्रा रूट की व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान पुलिस का प्लान केशव कुमार ने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी।समय रहते सारी चीजों को देख लिया जाए परख लिया जाए किसी भी दशा में श्रद्धालुओं और आम जनमानस को दुश्वारियां का सामना न करना पड़े।

# मां ने हाथ पकड़ा, पिता ने बेटी का गला काटा

## प्रतापगढ़ में शव फंदे पर लटकाया, ताकि सुसाइड लगे; लड़की को आपत्तिजनक हालत में देखा था

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में माता-पिता ने अपनी 17 साल की बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी। वे बेटी के अफेयर से नाराज थे। हत्या करने के बाद आरोपियों को शव को फांसी पर लटका दिया। ताकि लोगों को यह मामला सुसाइड का लगे।

इसके बाद चुपचाप शव को गांव के तालाब के पास दफना दिया। मामा की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की तो ऑनर किलिंग का मामला खुला।

शुक्रवार को पुलिस ने माता-पिता समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ की तो सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर शव को कब्र से



निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### 16 साल से मामा के यहां रह रही थी लड़की

मामला आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र स्थित पीथापुर गांव का है। मामा राकेश दुबे ने बताया, उनकी 17 साल की भांजी सोनी 16 साल से हमारे पास ही रह रही थी। 6 महीने अपने माता-पिता के पास पीथापुर गांव आई थी। 22 जून को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया। तभी शक हुआ कि बहन, बहनोई ने भांजी की हत्या कर शव को छुपा दिया है।

### आरोपियों की निशानदेही पर कब्र से निकाला शव

पुलिस ने जांच शुरू की। पिता इंद्रमणि मिश्रा, मां कंचन मिश्रा, राममणि मिश्रा, मोनी और एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने तालाब किनारे दफनाए गए शव को खुदवाकर बाहर निकलवाया। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में सामने आया कि किशोरी की हत्या की गई थी।

# एसपी ने पुलिस लाइंस में ली परेड की सलामी

## प्रशिक्षु आरक्षियों को परेड की बारीकियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया ।रिक्रूट आरक्षियों की जीरो परेड जैसे- खड़े होने, सावधान,विश्राम, मार्च करने के सही तरीके, टर्न-आउट, एकसाथ टोली में फॉल-इन होना आदि के विषय में निरीक्षण कर प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस



लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान एसपी द्वारा आरटीसी मेस का निरीक्षण किया गया । मेस में साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियां इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । यू0पी0-112 के वाहनों को चेक किया गया तथा उसमें कार्यरत अधि0/ कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर , पीडित की हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें।

## जनपद की सभी तहसीलों में कल आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कल शनिवार को तहसील मड़ावरा में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त तहसील तालबेहट में अपर जिलाधिकारी एवं अन्य तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी जनसुनवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रात: 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

## पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार



**ललितपुर ।** मदनपुर क्षेत्र के ग्राम उल्दनाखुर्द गांव से शुक्रवार को पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। मदनपुर पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,मडावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनपुर पुलिस द्वारा थाना मदनपुर पर सम्बन्धित एनबीडब्लू मु0नं0 1164/20 धारा 60 आभि0 अधि0 भान सिंह पुत्र बहादुर सिंह उम्र 52 वर्ष नि0ग्राम उल्दनाखुर्द थाना मदनपुर जिला ललितपुर सम्बन्धित एनबीडब्लू मु0नं0 723/19 धारा 60 आभि0 अधि0. सोवरन पुत्र गोकुल यादव उम्र 35 वर्ष नि0ग्राम उल्दनाखुर्द थाना मदनपुर जिला ललितपुर 3.एनबीडब्लू मु0नं0 1011/19 धारा 60 आभि0 अधि0 लाखन सिंह पुत्र टेक सिंह उम्र 27 वर्ष नि0ग्राम दिदौनिया थाना मदनपुर जनपद ललितपुर सम्बन्धित वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## रेप में पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट व रेप मामले में आरोपी कन्नौज सदर के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने दिया है। बांदा जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख को 11 अगस्त 2024 की रात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अड़गापुर गांव निवासी कन्नौज सदर के पूर्व ब्लाक प्रमुख की गिरफ्तारी 15 वर्षीय किशोरी से रेप के आरोप में की गई थी। नवाब सिंह के पास पीड़िता को उसकी बुआ लेकर पहुंची थी। पुलिस ने पीड़िता की बुआ को सहयोग करने और नवाब सिंह के भाई नीलू यादव को साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई। जिला एवं सत्र न्यायालय से नवाब सिंह की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद यह जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था।

# हत्या मामलों में अग्रिम जमानत पर प्रतिबंध लागू नही

## हाईकोर्ट ने उम्रकैद केस में आदेश दिया, बीएनएसएस लागू होने पर सीआरपीसी निरस्त

**प्रयागराज।** एक महत्वपूर्ण फैसले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पहली जुलाई, 2024 से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) लागू होने के साथ ही राज्य में मृत्यु या आजीवन कारावास से दंडनीय आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत देने पर प्रतिबंध अब लागू नहीं है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस की धारा 482, जो अब अग्रिम जमानत को नियंत्रित करती है, धारा 438 (6) सीआरपीसी के तहत निहित किसी भी तरह के प्रतिबंध को बरकरार नहीं रखती।

बीएनएसएस लागू होने के बाद सीआरपीसी निरस्त हो गई है। सीआरपीसी की धारा 438(6) के तहत प्रदेश में उम्रकैद अथवा हत्या वाले मामलों में अग्रिम जमानत प्रतिबंधित की गई थी।

न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने अब्दुल हमीद की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। अपीलार्थी को 13 अगस्त 2011 को बरेली जिले के देवरानिया थाना क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर में हुई गुड्डू उर्फ जाकिर हुसैन की हत्या के मामले में मुकदमे का समझौता करने के लिए बुलाया गया था।

पुलिस ने जांच के दौरान उसके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया था।

# शार्ट न्यूज

## मकान-मालिक ने बाथरूम हिडन कैमरा लगाया

**लखनऊ।** लखनऊ में एक मकान मालिक ने किराए पर रहने वाली युवती के बाथरूम में हिडन कैमरा लगा लिया। जिसको वाइफाइ से जोड़कर लाइव देखता था। पीड़िता का आरोप है कि कैमरे का विरोध करने पर मकान मालिक ने उसके साथ रेप करने का प्रयास किया। उसने कमरे में बंद कर खुद को बचाया। पुलिस को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। दुबग्गा पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से बहराइच निवासी युवती दुबग्गा इलाके में किराए पर रहती है। पीड़िता का आरोप है कि 24 जून को बाथरूम में नहाने गई थी। तभी उसकी नजर बाथरूम में लगे कैमरे पर पड़ी। कैमरा निकालने पर पता चला कि वह वाइफाइ से कनेक्ट है। उसके कैमरा निकालते ही मकान मालिक बाथरूम के बाहर आ गया। पहले उसने माफी मांगी। पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर रेप का प्रयास किया। यही नहीं किसी को बताने पर बहन से भी रेप करने और मां की हत्या करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बानपुर पुलिस ने वारंटी को दबोचा



**ललितपुर ।** बानपुर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी संतोष पुत्र लूला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त संतोष पुत्र लूला उम्र करीब 49 वर्ष नि0 ग्राम घटिया थाना जतारा जनपद टीकमगढ म0प्र0 सम्बन्धित मु0नं0 1062/10 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना बानपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है । गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी उ.नि.मनोज कुमार सिंह उ.नि. सर्वेश सिंह उ.नि. सहदेव सिंह आदि शामिल रहे।

## भैंस चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**ललितपुर ।** बानपुर पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक भैंस बरामद, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण वांछित/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 196/2025 धारा 303(2)/317(2) ब्न्हस् में वांछित दो अभियुक्त सोनू उर्फ शिवम पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर भट्ट उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मोहल्ला किला मैदान के पास गांधी चौराहा कस्वा ब थाना बानपुर राजेन्द्र पुत्र देशराज उर्फ दिशन यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम गंगासागर थाना बानपुर जनपद ललितपुर को डगराना की तरफ से नहर के रास्ते गांव सूरीखुर्द की पुलिया बहद ग्राम सूरीखुर्द थाना बानपुर जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

## धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा के थाना नाई की मंडी में दर्ज धोखाधड़ी और शस्त्र अधिनियम से जुड़े एक मामले में आरोपी भूपेंद्र उर्फ भूपेंद्र सारस्वत और अन्य की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा तथा न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने दिया है। याची पर पुलिस स्टेशन नाई की मंडी, जिला आगरा में 24 मई 2025 को आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25/30 के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया है। याचिका में एफआईआर रद्द करने और गिरफ्तार पर रोक की मांग की गई है। याची एक का कहना है कि उसके पास वैध लाइसेंस है। दूसरे याची का लाइसेंस वर्ष 2003 में जारी किया गया , जो वर्ष 2017 में खो गया था। जिसके बाद 4 जुलाई 2018 को एक डुप्लीकेट लाइसेंस जारी किया गया।

## ई-रिक्शे में महिला से चेन स्नैचिंग

**लखनऊ।** लखनऊ के मानकनगर में एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की वारदात सामने आई है। अंबेडकरनगर के जलालपुर की रहने वाली संगीता देवी अपनी बहन रुपम के घर ट्रांसपोर्ट नगर आई थीं। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे दोनों बहनें खरीदारी के लिए ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से ई-रिक्शे में सवार हुईं। सर्राफा पुलिस चौकी के सामने तीन महिलाएं और एक युवक भी ई-रिक्शे में बैठ गए। कुछ दूर चलने पर एक और महिला को भी बिठा लिया गया। चालक ने अचानक ब्रेक लगाया जिससे सभी को झटका लगा। इसी दौरान टप्पेबाजों ने संगीता की चेन उड़ा ली। संगीता और रुपम रास्ते में उतर गईं। जब संगीता को चेन की कमी का पता चला, तो रुपम ने एक बाइक सवार की मदद से ई-रिक्शे का पीछा किया। आलमबाग बस टर्मिनल के पास ई-रिक्शा रोका गया। चालक ने बताया कि अन्य महिलाएं चंदर नगर के पास उतर गई हैं। मानकनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। एसओ अजीत कुमार के अनुसार पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

## जीएसटी टीम और व्यापारियों में तनातनी

**लखनऊ।** लखनऊ के कानपुर रोड स्थित कृष्णानगर क्षेत्र की मानसरोवर मार्केट में जीएसटी विभाग और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। शुक्रवार को जीएसटी की टीम ने बारा बिरवा में एलडीए की मानसरोवर मार्केट में छापेमारी की। व्यापारी महेश चौरसिया के प्रतिष्ठान पर छापेमारी के दौरान विवाद शुरू हुआ। व्यापारी ने जब टीम से उनका परिचय मांगा, तो आरोप है कि टीम ने अभद्र व्यवहार किया। इससे नाराज व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा भी मौके पर पहुंचे। व्यापारियों ने जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर स्तुति सिंह और स्थानीय थाने में टीम के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। कृष्णानगर पुलिस और कमिश्नर ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। अभद्र व्यवहार करने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद व्यापारी शांत हुए।

## लखनऊ में वेतन-पेंशन के लिए प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ में वेतन-पेंशन की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। जल निगम कर्मियों और पेंशनरों ने मुख्य कार्यालय पर काला मास्क बांधकर धरना दिया। 6 माह से वेतन न मिलने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिना वेतन के परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक वाईएन उपाध्याय ने कहा- छह माह से वेतन पेंशन न मिलने से कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा परिवार में भी बहुत मायूसी है। महंगाई भत्ता छठे वेतनमान में 252 प्रतिशत के स्थान पर 212 प्रतिशत यानी 40 प्रतिशत कम दिया जा रहा है। 14 वर्षों से बोनस का भुगतान नहीं किया गया। जल निगम प्रशासन को चेतावनी दी अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारी और पेंशनर 17 से 19 जुलाई तक प्रधान कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति ने प्रदेश भर के सांसदों, विधायकों समेत तमाम जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन भेजा। पत्र के माध्यम से तमाम जनप्रतिनिधियों को पीड़ा से अवगत कराने का अभियान शुरू किया है। मंजीत कुमार ने कहा- मुख्यमंत्री से वेतन-पेंशन और सातवां वेतनमान समेत अन्य मांगों को पूरा करने की अपील है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर साइबर हमला, छात्र डेटा चोरी और नेटवर्क ठप

**बोगोटा, एजेंसी।** अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर 24 जून को एक राजनीतिक मकसद से किया गया साइबर हमला हुआ, जिसमें हैकर ने बड़ी मात्रा में छात्रों के दस्तावेज चुरा लिए और कुछ समय के लिए यूनिवर्सिटी की कंप्यूटर सेवाएं बंद कर दीं। इस दौरान छात्रों और स्टाफ को ईमेल, ऑनलाइन क्लास और वीडियो कॉल सेवाओं से कई घंटों तक बाहर कर दिया गया। हमले के दिन यूनिवर्सिटी परिसर के कई सार्वजनिक स्क्रीन पर अचानक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुस्कुराती हुई तस्वीरें दिखने लगीं। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ट्रंप की तस्वीरें इस डेटा चोरी से जुड़ी थीं या नहीं। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि यह हमला एक हैक्टिविस्ट (राजनीतिक मकसद वाला हैकर) द्वारा किया गया, जिसने निजी छात्र रिकॉर्ड तक पहुंच बनाई। उसका मकसद किसी राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाना बताया गया है। फिलहाल यूनिवर्सिटी जांच कर रही है कि कितनी जानकारी चोरी हुई और किस पर असर पड़ा। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब ट्रंप प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर यह आरोप लगाया है कि वह यहूदियों (छ्वद्ग2द्बह्यद्ध छात्रों) की सुरक्षा नहीं कर पा रही, और इसके चलते 400 मिलियन (करीब 3,300 करोड़ रुपये) की संघीय फंडिंग रोकने की धमकी दी गई है। यूनिवर्सिटी और सरकार के बीच समझौते को लेकर बातचीत जारी है।

### गाजा से रिहा हुए आखिरी अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर से व्हाइट हाउस में मिलेंगे डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया

**गाजा , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप गुरुवार को व्हाइट हाउस में एडन अलेक्जेंडर से मुलाकात करेंगे, जो गाज़ा से रिहा होने वाले अंतिम जीवित अमेरिकी बंधक हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बयान में कहा, राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी पहले भी गाज़ा से रिहा हुए कई बंधकों से मिल चुके हैं, और वे एडन अलेक्जेंडर और उनके परिवार से ओवल ऑफिस में मिलने को लेकर उत्साहित हैं। एडन अलेक्जेंडर, ज अब 21 साल के हैं, न्यू जर्सी के रहने वाले अमेरिकी-इजराइली नागरिक हैं। उन्होंने 2022 में हाई स्कूल के बाद इज़राइल जाकर सेना में भर्ती ली थी। अक्टूबर 2023 में जब हमास के आतंकियों ने उनकी सेना की चौकी पर हमला किया, तब वह 19 साल के थे। हमास ने उन्हें बंधक बनाकर गाजा ले जाया।

### तुर्किये में पैंगबर मोहम्मद के कार्टून पर बवाल, 4 गिरफ्तार

**अंकारा , एजेंसी।** तुर्किये में पैंगबर मोहम्मद के कार्टून पर बवाल मच गया है। कार्टून के विरोध में पूरे तुर्किये में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। विवाद बढ़ने के बाद कोर्ट के आदेश पर बुधवार को कार्टूनिस्ट डोगन पेहलवन समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मंत्री यिलमाज तुनक ने बताया कि राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोआन ने कार्टून की कड़ी निंदा की थी। डोगन पर अपने कार्टून से नफरत फैलाने और राष्ट्रपति का अपमान करने के आरोप हैं, हालांकि उन्होंने इससे इन्कार किया है।


### यूरोप में भीषण गर्मी जारी, स्पेन के जंगल में लगी आग से दो किसानों की मौत

**मैड्रिड, एजेंसी।** यूरोप में चल रही भीषण गर्मी के कारण स्पेन के उत्तर-पूर्वी इलाके कैटलोनिया में मंगलवार रात एक भयानक जंगल की आग भड़क उठी। इस आग ने अब तक 6,500 हेक्टेयर (लगभग 16,000 एकड़) गेहूं के खेत को जलाकर राख कर दिया है। यह आग इतनी बड़ी थी कि इससे उठने वाला धुआं और राख का गुबार आसमान में 14,000 मीटर तक फैल गया। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि आग से बचने की कोशिश में दो किसानों की मौत हो गई, जो वाहन से भागने की कोशिश कर रहे थे। कैटलोनिया के क्षेत्रीय प्रमुख सल्वादोर इला ने कहा कि आज की जंगल की आग पहले जैसी नहीं रही। ये बेहद खतरनाक हैं। शुरुआत से ही ये आग नियंत्रण से बाहर थी, यहां तक कि अगर तीन गुना ज्यादा दमकलकर्मी होते, तब भी इसे बुझा पाना मुश्किल था। मंगलवार रात आई एक बारिश ने हालात सुधारने में मदद की और आग को स्थिर करने में तेजी लाई। हालांकि, इस दौरान दो दमकलकर्मी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### अमेरिका में ट्रंप का शरणार्थियों पर लगाया गया प्रतिबंध अवैध करार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर शरण पाने पर लगाए गए प्रतिबंध को गैरकानूनी करार दिया है। यह फैसला ट्रंप की आव्रजन (माइग्रेशन) पर सख्ती की योजना के एक अहम हिस्से को झटका देने वाला माना जा रहा है। हालांकि, न्यायाधीश ने अपने फैसले को 16 जुलाई तक के लिए रोक दिया है, ताकि सरकार अपील कर सके। दरअसल, ट्रंप ने 20 जनवरी को एक आदेश जारी कर कहा था कि दक्षिणी सीमा पर हो रही गतिविधि अमेरिका पर आक्रमण के समान है। इसलिए उन्होंने सीमा पर आने वाले प्रवासियों के प्रवेश और उन्हें शरण देने की प्रक्रिया को रोक दिया था।

# शुभांशु के बाद अब अनिल मेनन भी जाएंगे अंतरिक्ष स्टेशन, 8 महीने बिताएंगे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा जून 2026 में अपना पहला स्पेस स्टेशन मिशन लॉन्च करने जा रही है जिसके लिए भारतीय मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन का चयन हुआ है। मेनन जून 2026 में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉसमॉस के सोयूज एमएस-29 यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। इस मिशन में वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के क्रू सदस्य के रूप में शामिल होंगे। इस अभियान में रोस्कॉसमॉस के दो अंतरिक्ष यात्री भी शामिल रहेंगे। टीम आठ महीनों तक आईएसएस में अनुसंधान करेगी। अनिल की पत्नी अन्ना मेनन भी अंतरिक्ष मिशन से जुड़ी हैं। वे 2024 में एक निजी स्पेसवॉक मिशन में शामिल हुई थीं। वे स्पेसएक्स में प्रमुख अंतरिक्ष संचालन इंजीनियर हैं। बच्चों के लिए किसेस फ्रॉम स्पेस किताब लिख चुकी हैं। मेनन को 2021 में नासा ने अंतरिक्ष यात्री चुना था। मिनियापोलिस में जन्मे और पले-बढ़े मेनन आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ, मैकेनिकल इंजीनियर और स्पेस फोर्स के कर्नल हैं। उनके पिता भारतीय और मां यूक्रेनी मूल की हैं।

**कौन हैं अनिल मेनन :** अनिल मेनन साल 2021 में नासा के अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चयनित हुए थे। मेनन ने साल 2024 में 23वीं एस्ट्रोनॉट कक्षा से स्नातक किया था। अपनी अंतरिक्षयात्री की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद ही अनिल मेनन ने अपने पहले अंतरिक्ष मिशन की तैयारी शुरू कर दी थी। अनिल मेनन का जन्म अमेरिका के मिनियोपोलिस में हुआ और वे वहीं पले-बढ़े हैं। मेनन पेशे से एक आपातकालीन मेडिसिन फिजीशियन और मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वे अमेरिका की स्पेस फोर्स में कर्नल के पद पर भी तैनात हैं। अनिल मेनन के माता-पिता भारतीय और यूक्रेनी मूल के हैं। मेनन के पास हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से न्यूरोबायोलॉजी की डिग्री है। उन्होंने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियर और मेडिकल की भी डिग्री हासिल की है। मेनन ने स्टैनफोर्ड से आपातकालीन मेडिसिन और एयरोस्पेस मेडिसिन की पढ़ाई की और वे टेक्सास मेडिकल सेंटर के मेमोरियल हर्मन अस्पताल में आपात मेडिसिन विभाग में बतौर डॉक्टर काम करते हैं। मेनन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में डॉक्टर्स को पढ़ाते भी हैं। मेनन ने मस्क की कंपनी स्पेसएक्स में पहले फ्लाइट सर्जन के रूप में भी काम किया और ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के पहले क्रू की भी लॉन्चिंग में मदद की। स्पेसएक्स के मेडिकल संगठन से भी मेनन जुड़े हैं, जो भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद के लिए काम करता है। करीब 25 वर्षों से वैज्ञानिक और अंतरिक्षयात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर रहकर शोध कार्य कर रहे हैं ताकि भविष्य में इन शोध का फायदा धरती पर भी लोगों को मिल सके। नासा चंद्रमा और नासा मिशन के लिए काम कर रहा है। साथ ही पृथ्वी की निचली कक्षा में भी व्यापारिक अवसर देख रहा है।

## एस्टोनिया में रेस्तरां और सुपरमार्केट में आग लगाने की साजिश का खुलासा

**टालिन, एजेंसी।** एस्टोनिया की एक अदालत ने बुधवार को कहा कि पिछले साल एक रेस्तरां और सुपरमार्केट में आग लगाने की घटना रूस की खुफिया एजेंसी जीआरयू द्वारा करवाई गई थी। यह हमला यूरोप में हुई कई ऐसी घटनाओं में से एक है, जिनके पीछे रूस का हाथ होने का शक पश्चिमी देशों ने जताया है। इन घटनाओं का मकसद पश्चिमी देशों के भीतर डर और अस्थिरता फैलाना और यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करना है।

**दो मौल्दोवा नागरिकों को सजा :** एस्टोनिया के हरजु काउंटी कोर्ट ने बताया कि इस आगजनी की घटना को दो मौल्दोवा के नागरिकों ने अंजाम दिया। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं और दोनों का नाम इवान चिहाईल है। एक को 6 साल 6 महीने की सजा दी गई है। दूसरे को 2 साल 6 महीने की सजा मिली है, क्योंकि वह सिर्फ साथ था लेकिन उसे जीआरयू के बारे में जानकारी नहीं थी।

**आग कैसे लगाई गई थी :** कोर्ट ने बताया कि जनवरी 2024 में पहले आरोपी ने जीआरयू के कहने पर ट्रायल के तौर पर दक्षिण-पूर्वी एस्टोनिया के ओसूला गांव में एक सीओ -ओपी सुपरमार्केट में आग लगाई। अगले दिन उसे राजधानी टालिन में स्लावा यूक्राइना नामक रेस्तरां को जलाने का आदेश मिला। 31 जनवरी की रात, दोनों भाइयों ने मिलकर रेस्तरां की खिड़की तोड़ी, पेट्रोल डाला, एक बैग में पेट्रोल कैन रखकर उसमें आग लगाई और फिर देश से भाग निकले।

## प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन के अधिकार बढ़े, रॉयल वारंट जारी करने की मिली शक्ति



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के राजकुमार विलियम और राजकुमारी केट मिडलटन को राजा चार्ल्स ने नए अधिकार और शक्तियां दी हैं। किंग चार्ल्स ने दोनों को रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति दी है। शाही परिवार को सामान की आपूर्ति करने वाली और सेवा देने वाली कंपनियों या व्यक्ति विशेष को यह सम्मान दिया जाता है। अभी तक प्रिंस विलियम और केट मिडलटन के पास यह शक्ति नहीं थी।

**केट मिडलटन को 115 साल के इतिहास में पहली बार मिला ये अधिकार :** रॉयल परिवार की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, केट मिडलटन पहली राजकुमारी हैं, जिन्हें 115 साल के इतिहास में पहली बार रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति मिली है। केट मिडलटन से पहले क्वीन मैरी के पास ये शक्ति थि। क्वीन मैरी के पति जॉर्ज पंचम 1910 में ब्रिटेन के राजा बने थे। साल 1980 में प्रिंस ऑफ वेल्स रहते हुए किंग चार्ल्स को यह अधिकार मिला था। हालांकि उनकी तत्कालीन पत्नी राजकुमारी डायना को यह अधिकार नहीं मिला था। प्रिंस ऑफ वेल्स के निजी सचिव सर इयान पैट्रिक ने भी प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन को रॉयल वारंट जारी करने की शक्ति मिलने की पुष्टि की। जिनके पास अभी रॉयल वारंट है, वे इस महीने के अंत तक इसे फिर से रिन्यू कराया जा सकेगा। वहीं जो नए रॉयल वारंट के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अगले साल की शुरुआत में आवेदन कर सकेंगे। रॉयल वारंट के लिए आवेदन करने वाली कंपनी को पांच या सात साल के लिए शाही परिवार को सेवा प्रदान करनी होती है। रॉयल वारंट एक सम्मान है।

## कमला हैरिस बन सकती हैं कैलिफोर्निया की गवर्नर, सर्वे में मिली जबरदस्त बढ़त


**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अगर 2026 में कैलिफ़ोर्निया की गवर्नर रेस में उतरती हैं तो उन्हें पहले से ही मजबूत जन समर्थन हासिल है। यह दावा यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफ़ोर्निया, इरविन के स्कूल ऑफ सोशल इकोलॉजी द्वारा जारी एक नए सर्वे में किया गया है। कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक प्रत्याशियों में 24प्रतिशत वोटरों का समर्थन मिला है। दूसरे स्थान पर रियल एस्टेट कारोबारी रिक कारुसो हैं, जिन्हें सिर्फ 9प्रतिशत समर्थन मिला। 40प्रतिशत मतदाता अभी अपना मत तय नहीं कर पाए हैं। एक अनाम रिपब्लिकन के खिलाफ हैरिस को 41प्रतिशत समर्थन मिलता दिख रहा है। वहीं 29प्रतिशत मतदाता रिपब्लिकन के पक्ष में हैं, 16प्रतिशत ने अपना स्टैंड अभी साफ नहीं किया है। 14प्रतिशत वोटर वोट नहीं देंगे। कमला हैरिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जुलाई-अगस्त के अंत तक निर्णय लेने की तैयारी में हैं। उन्होंने अपने पुराने समर्थकों से बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि, कुछ लोग 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी हार को देखते हुए संकोच में हैं।

# म्यांमार में सुबह-सुबह 4.1 की तीव्रता से कांपी धरती, भूकंप के झटकों से दहशत में आए लोग

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।** म्यांमार में गुरुवार को सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरूवार सुबह 6.10 बजे आए भूकंप का केंद्र 10 किमी की उथली गहराई पर था।

एनसीएस के मुताबिक, उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से भूकंपीय तरंगों को सतह तक आने के लिए कम दूरी होती है, जिसके कारण जमीन में अधिक कंपन होता है और संभावित रूप से संरचनाओं को अधिक नुकसान होता है।

बता दें कि म्यांमार मध्यम और बड़ी तीव्रता के भूकंपों के खतरों के प्रति संवेदनशील है। यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इससे पहले 1 जुलाई को रिक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का एक और भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई पर आया था। इसी साल 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप ने म्यांमार में भीषण तबाही मचाई थी। इस भूकंप में 3500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप के



चलते बुनियादी ढांचे, सड़कें और रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान हुआ। भूकंप के झटके न सिर्फ म्यांमार बल्कि पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए। थाईलैंड का चियांग मेई शहर में भी इस भूकंप के चलते काफी नुकसान हुआ।

जानें क्यों आता है भूकंप? धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी होती हैं। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी हुई है जिसे टेक्टोनिक प्लेट्स कहते हैं। ये टेक्टोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर कंपन करती रहती हैं और जब इस प्लेट में बहुत ज्यादा कंपन हो जाती हैं, तो भूकंप महसूस होता है। भूकंप के केंद्र और तीव्रता का क्या मतलब है? भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से धरती हिलने लगती है। इस स्थान पर या इसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप का असर ज्यादा होता है। अगर रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

## दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, वियना में रोकने के बाद की गई रद्द

**वियना, एजेंसी।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रहे विमान संख्या‹द्ब103 को वियना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भरने के दौरान नियमित जांच के वक्त विमान तकनीकी खराबी का पता लगा। इस खराबी को ठीक करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। इसके कारण विमान की वियना से वाशिंगटन डीसी तक की यात्रा रद्द कर दी गई और



यात्रियों को उतार दिया गया।

वीजा-मुक्त प्रवेश के लिए पात्र यात्रियों या वैध शेंगेन वीजा वाले यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ान तक वियना में होटल में रहने की सुविधा प्रदान की गई। जबकि प्रवेश की अनुमति के बिना वाले यात्रियों के लिए ऑस्ट्रियाई अधिकारियों की ओर से आव्रजन और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक रहने की व्यवस्था की जा रही है।

इसके बाद वॉशिंगटन डीसी से वियना होते हुए दिल्ली जाने वाली उड़ान AIv04 भी रद्द कर दी गई और प्रभावित यात्रियों को दिल्ली के लिए वैकल्पिक उड़ानों में बुक किया गया। साथ ही उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर पूरा रिफंड दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि असुविधा के लिए गहरा खेद है और वह सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय उड़ान से पहले सुरक्षा जांच पहल के तहत लिया गया था।

एअर इंडिया और इसकी सहायक कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस रोज 1100 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। इसमें 150,000 से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। एयरलाइन ने हवाई क्षेत्र बंद होने, यूरोप और पूर्वी एशिया में हवाईअड्डों पर प्रतिबंध और हवाई यातायात की भीड़ जैसे कारकों के कारण चुनौतियों को स्वीकार किया। एअर इंडिया ने पहले घोषणा की थी कि वह सुरक्षित संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए स्वेच्छा से बढ़ी हुई उड़ान पूर्व सुरक्षा जांच करेगी और सेवाओं को अस्थायी रूप से कम करेगी।

## इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा, 65 लोगों को ले जा रहा था, 4 की मौत, 38 लापता

**बाली, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 32 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जहाज के डूबने के कारणों का पता कर रही है।



**लापता लोगों की तलाश कर रही एजेंसी :** सुरबाया बचाव एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जहाज स्थानीय समयानुसार रात के लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर डूबी। बचाव के लिए नौ बोट जिनमें टगबोट और इन्फ्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। दो मीटर तक ऊंची लहरों के कारण बचाव दल को लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी का कहना है कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे।

**3 जनवरी को बोट डूबने से 8 की मौत हुई थी :** इंडोनेशिया के मालुकु में 3 जनवरी 2025 को एक स्पीडबोट 2 नोना डूब गई थी। यह बोट सेराम भागियन बारात से अम्बोन जा रही थी। रास्ते में यह एक तैरते लकड़ी के लट्ठे से टकरा गई, जिससे इसका पतवार टूट गया और यह डूब गई। बोट में 30 यात्री सवार थे, जिनमें से 8 की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन की बढ़ीं मुश्किलें, सांसदों ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव; 10 जुलाई को मतदान

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेयेन के खिलाफ दक्षिणपंथी यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर 10 जुलाई को मतदान होगा। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव के असफल होने की संभावना है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन पर कोविड टीकों की खरीद मामले और रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के आरोप लगे हैं। इसके बाद लेयेन के खिलाफ यूरोपीय सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव पर मतदान की तिथि तय करने के लिए जरूरी कम से कम 72 सांसदों के हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सांसद सोमवार को स्ट्रासबर्ग में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले रोमानिया एमईपी घोरघे पिपेरेया ने कोविड के दौरान फाइजर की सीईओ अल्बर्ट बौर्ला के साथ चैट को लेकर वॉन डेर लेयेन की पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। पिपेरेया ने यूरोपीय आयोग पर रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया। हालांकि लेयेन के अविश्वास प्रस्ताव हारने की संभावना कम हैं। क्योंकि पिपेरेया की अपनी ही पार्टी ईसीआर ने पहले ही अविश्वास प्रस्ताव से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारी पहल नहीं है। प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्ण बहुमत यानि 720 में 361 वोटों की जरूरत होगी। 2024 में उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं थीं। टीका मामले में लगे यह आरोप साल 2021 में यूरोपीय संसद के




कुछ सदस्यों ने यूरोपीय आयोग से कोविड टीकों को लेकर समझौतों का पूरा विवरण मांगा था, लेकिन आयोग केवल कुछ अनुबंधों और दस्तावेजों तक आंशिक पहुंच प्रदान करने के लिए सहमत हुआ, जिन्हें संशोधित संस्करणों में ऑनलाइन रखा गया था। इसने यह बताने से भी इनकार कर दिया कि उसने अरबों खुराकों के लिए कितना भुगतान किया, यह तर्क देते हुए कि गोपनीयता कारणों से अनुबंधों को संरक्षित किया गया था। इस पर यूरोपीय संघ की अदालत ने भी कहा था कि यूरोपीय आयोग ने महामारी के दौरान दवा कंपनियों के साथ किए गए कोविड-19 वैक्सीन खरीद समझौतों के बारे में जनता को पर्याप्त जानकारी नहीं दी।

**ऑस्ट्रेलिया में साइबर अपराध, एयरलाइन ग्राहकों का डाटा चोरी : कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास ने कहा है कि साइबर अपराधियों ने उसके ग्राहकों का डाटा चोरी किया है। कंपनी की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक एक हैकर ने यात्रियों के नाम, ईमेल, फोन नंबर, जन्मतिथि और फ्रीक्वेंट फ्लायर नंबर जैसे निजी डाटा चुराए हैं। बुधवार को जारी बयान के मुताबिक अपराधी ने सोमवार को उसके एक कॉल सेंटर को निशाना बनाया। कंपनी के पास करीब 60 मिलियन यात्रियों का रिकॉर्ड है। क्वांटास ने इस मामले में ग्राहकों से माफी मांगी है। कंपनी ने कहा, जिस सिस्टम में सेंध लगाई गई थी, उसमें क्रेडिट कार्ड और पासपोर्ट विवरण या अन्य व्यक्तिगत वित्तीय जानकारी नहीं थी। ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी एयरलाइन क्वांटास ने कहा कि साइबर अपराधियों के इस कृत्य के बाद विमान परिचालन या सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सीईओ वैनेसा हडसन ने कहा कि सुरक्षा उपायों को और कड़ा कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई साइबर और डाटा गोपनीयता प्राधिकरणों और संघीय पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है।

# बर्मिंघम में जेमी स्मिथ ने बल्ले से मचाई तबाही, वनडे की तरह टेस्ट में सेंचुरी ठोक कर बनाया दिया ये रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां इस मैच के तीसरे दिन मोहम्मद सिराज ने भारतीय टीम को कमाल की शुरुआत दिलाई। सिराज ने इंग्लैंड के लगातार 2 बल्लेबाजों को आउट कर टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों के फीते खोल दिए। जेमी ने इस मैच में इंग्लैंड की वापसी कराते हुए एक बेहतरीन शतक लगाया। जेमी स्मिथ ने सिर्फ 80 गेंदों में अपना शतक ठोका।

भारतीय टीम के गेंदबाजों पर जेमी स्मिथ ने गजब का हमला बोला। जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों पर शतक पूरा करते हुए टीम इंडिया को प्रेशर में डाल दिया। स्मिथ ने अपनी पारी में 14 चौके और 3 छक्के लगाए हैं। उन्होंने अपना शतक बी रविंद्र जडेजा की लगातार दो गेंदों पर दो चौके जड़कर पूरा किया। वहीं वह इंग्लैंड के लिए तीसरा सबसे तेज शतक टेस्ट क्रिकेट में जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

दाएं हाथ के बल्लेबाज जैमी स्मिथ ने 80 गेंदों में 14 चौके और 3 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उनका स्ट्राइक रेट 126.25 का था। वे इंग्लैंड के संयुक्त रूप से तीसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने 80 या इससे कम गेंदों में शतक ठोका है। उनसे पहले हैरी ब्रूक, जॉनी बेयरस्टो और गिलबर्ट जेसोप ने 80 या इससे कम गेंदों में शतक इंग्लैंड के लिए जड़ा है। बेन स्टोक्स पांचवें नंबर पर हैं।



## एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप : भारत की पुंगनी तारा ने जीता रजत पदक



**अस्ताना (कजाकिस्तान) (एजेंसी)।** भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता।

पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुंगनी तारा को हार्दिक बधाई देता हूं और सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। यह परिणाम हमारे एथलीटों के समर्पण और हमारी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है, खासकर सीमित तैयारी के समय को देखते हुए। इस सफलता से चैंपियनशिप में भारतीय दल के लिए एक प्रेरक शुरुआत हो।

## 148 सालों में सबसे खराब गेंदबाज! प्रसिद्ध कृष्णा ने भारत बनाम इंग्लैंड मैच में बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** प्रसिद्ध कृष्णा के इंग्लैंड के खिलाफ काफी उम्मीदे थें। लेकिन वह मौजूदा टेस्ट सीरीज में इन उम्मीदों पर खर नहीं उतर रहे हैं। एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में अपने खराब प्रदर्शन के साथ प्रसिद्ध के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है। वह टेस्ट क्रिकेट के 148 वर्ष के इतिहास में सबसे खराब इकॉनमी रेट वाले गेंदबाज बन गए हैं।



वर्तमान में टेस्ट में प्रसिद्ध का इकॉनमी रेट 5.26 है, जो लगातार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने और विरोधियों को मुफ्त में मौका देने में उनकी अक्षमता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार प्रसिद्ध के नाम अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे खराब इकॉनमी रेट (न्यूनतम 500 गेंद) का रिकॉर्ड है। प्रसिद्ध ने अपने टेस्ट करियर में प्रति ओवर पांच से ज़्यादा रन दिए हैं।

वहीं इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की बात करें तो उन्होंने 12 ओवर में 71 रन लुटाए हैं और एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इस दौरान उन्होंने केवल एक ओवर ही खाली फेंका। ऐसे में इस मैच में ही उनका इकोनॉमी रेट 5.90 हो गया है। इससे पहले बांग्लादेश के शहादत हुसैन के नाम यह रिकॉर्ड था, जिन्होंने 38 मैचों में 4.16 की इकॉनमी रेट से 3,731 रन दिए थे। हुसैन ने 2005 से 2015 के बीच बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था।

मैच की बात करें तो एक समय 84 रन पर 5 विकेट गंवाने वाली इंग्लैंड टीम अब काफी मजबूत नजर आती है जिसने जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक के शतकों की बदौलत 290/5 का स्कोर बना लिया है। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए जिसमें शुभमन गिल के दोरहे शतक (269) के साथ-साथ यशस्वी जायसवाल (87) और रविंद्र जडेजा (89) की पारियों ने भी इस स्कोर तक पहुंचने में मदद की।

## बांग्लादेश में वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेलेगी भारतीय टीम!, सरकार ने वहां न जाने की सलाह दी

लंदन **(एजेंसी)।** नई दिल्ली ~भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सूत्रों के अनुसार अगस्त में होने वाला भारत का बांग्लादेश दौरा पिछले कुछ महीनों में देश में व्याप्त स्थिति के कारण रद्द होने की संभावना है। भारत को 17 अगस्त से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है जिसके बाद 26 अगस्त से तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला खेली जाएगी।

भारत के बांग्लादेश दौरे के बारे में बात करते हुए BCCI के एक सूत्र ने बताया, 'भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द होने की संभावना है, क्योंकि सरकार ने BCCI को वहां न जाने की सलाह दी है क्योंकि वहां स्थिति ठीक नहीं है। इस बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।' भारत ने आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों ने तीन मैचों की टी20आई (3-0) और दो मैचों की टेस्ट सीरीज (2-0) में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला खेला था। मेहमान टीम ने बांग्लादेश टाइगर्स पर क्लीन स्वीप दर्ज की क्योंकि उन्होंने दौरे पर एक भी मैच नहीं गंवाया। इससे पहले भारत ने ढाका में दुर्गा मंदिर के विध्वंस की निंदा की थी और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की भूमिका की आलोचना की थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमें पता चला है कि चरमपंथी खिलखेत, ढाका में दुर्गा मंदिर के विध्वंस के लिए शोर मचा रहे थे। अंतरिम सरकार ने मंदिर को सुरक्षा प्रदान करने के बजाय इस घटना को अवैध भूमि उपयोग के रूप में पेश किया और मंदिर को नष्ट होने दिया। इसके




परिणामस्वरूप देवता को स्थानांतरित करने से पहले ही नुकसान पहुंचा है। हम इस बात से निराश हैं कि बांग्लादेश में ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हिंदुओं, उनकी संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है।'

इससे पहले मई में भारत ने बांग्लादेश के अंतरिम मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की विवादास्पद टिप्पणियों के बाद अपने पूर्वोत्तर भूमि बंदरगाहों असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल में फुलबारी और चंगराबांधा के माध्यम से बांग्लादेशी रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) और अन्य उत्पादों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था।

चीन में एक भाषण के दौरान बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को 'समुद्र तक पहुंच नहीं रखने वाले भूमि से घिरे क्षेत्र' के रूप में वर्णित किया था। इस टिप्पणी ने कूटनीतिक घर्षण को जन्म दिया है, भारतीय अधिकारियों ने इसे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और स्थिति को कमजोर करने के रूप में देखा है। नए प्रतिबंधों ने बांग्लादेश को रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्लास्टिक, मेलामाइन, फर्नीचर, जूस, कार्बोनेटेड पेय, बेकरी आइटम, कन्फेक्शनरी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों सहित निर्यात को पश्चिम बंगाल में कोलकाता बंदरगाह या महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से पुनर्निर्देशित करने के लिए मजबूर किया है जिससे रसद लागत बढ़ गई है।

## नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में बनाया एक और रिकॉर्ड

लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।% पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की। आंद्रीवा ने इटल की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से हराया जबकि नवारो ने एकतरफा मुकाबले में वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। विंबलडन 2022 चैंपियन एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी जबकि 19वें वरीय ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।



## डब्ल्यूटीसी में रोहित को पीछे छोड़ने शुभमन को चाहिये तीन शतक



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आजकल इंग्लैंड दौरे में छाये हुए हैं। शुभमन ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया है। इससे उनके शतकों की संख्या अब सात हो गयी है। इस प्रकार देखा जाये तो शुभमन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 शतकों के साथ ही सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने इस चैंपियनशिप में कुल 9 शतक जड़े हैं। उन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। वहीं शुभमन जिस प्रकार खेल रहे हैं उससे वह पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में रोहित की बराबरी कर सकते हैं या उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। शुभमन अगर दो शतक लगा दें तो रोहित की बराबरी पर आ जाएंगे। वहीं तीन शतक से उन्हें पीछे छोड़ देंगे। भारत की ओर से ऋषभ पंत के नाम 6 हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। वहीं डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज की सूची में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 18 शतकों के साथ टॉप पर हैं। वहीं रूट के अलावा कोई बल्लेबाज अभी तक 15 शतक से आगे नहीं आ पाया है। वहीं 13 शतकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में रुट 18 शतक के साथ पहले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 13 शतकों के साथ ही दूसरे व ऑस्ट्रेलिया के ही मार्नस लाबुशेन 11 शतक लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। भारत के रोहित 9 शतक के साथ ही चौथे नंबर पर हैं जबकि श्रीलंका के डी सिल्वा 8 शतक सके साथ ही पांचवें नबर पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 8 शतक के साथ ही छठे जबकि ऑस्ट्रेलि के उस्मान ख्वाजा के भी 8 शतक हैं और वह भी छठे नंबर पर है।

## भारत-पाक तनावों के बीच क्या पाकिस्तान की टीम भारत खेलने आएगी या नहीं? पीसीबी का बयान आया सामने

**जाग्रेब , क्रोसिया (एजेंसी)।** पाकिस्तान की हॉकी टीमों का इस साल भारत में होने वाले दो बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना अभी भी तय नहीं है। पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें अब तक सरकार से टूर्नामेंट में भाग लेने की इजाज़त नहीं मिली है।गौरतलब है कि इस साल एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर हॉकी विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

भारत के खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान की टीमों को इन बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोका नहीं जाएगा, क्योंकि ऐसा कोई भी फैसला ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। यानी भारत की तरफ से पाकिस्तान की टीमों को आने से रोकने की कोई योजना नहीं है।




पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव राणा मुजाहिद ने बताया कि उन्होंने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) से भारत में टीम भेजने की मंजूरी मांगी है। लेकिन अब तक इस पर कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पीएसबी ने उनका अनुरोध आगे संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है।

पीएसबी के प्रवक्ता खुर्रम शहजाद ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब तक सरकार भारत में टीम भेजने को लेकर कोई नीति नहीं बनाती, तब तक पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि पीएचएफ की तरफ से जो अनुरोध आया था, उसे अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय को भेजा गया है, और वहां से यह मामला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के पास भेजा गया है। अब सभी को उनके अंतिम फैसले का इंतजार है। यानी फिलहाल पाकिस्तान की हॉकी टीमों की भारत यात्रा और टूर्नामेंट में भागीदारी पर संशय बना हुआ है, और सबकी नजर अब पाक सरकार के फैसले पर टिकी है।

## 'मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है', गुकेश से हारने के बाद बोले वर्ल्ड नम्बर 1 कार्लसन

जगरेब (क्रोसिया)। विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।' उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।' सुपरयूनाइटेड रैपिड के दूसरे दिन का समापन हो गया। गुकेश ने दिन की शुरुआत पहले उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव को पराजित करते हुए की और उसके बाद उन्होने यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए लगातार दूसरी जीत से एकल बढ़त कायम कर ली। लेकिन इसके बाद सबसे बड़े मुकाबले में गुकेश ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें काले मोहरो से खेल रहे गुकेश एक समय इंग्लिश ओपनिंग मे मुश्किल मे नजर आ रहे थे पर कार्लसन की प्यादे की एक गलत चाल के बाद गुकेश नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए 49 चालों मे जीत दर्ज की। गुकेश की यह जीत इसीलिए भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता के पहले कार्लसन नें गुकेश को रैपिड मे कमजोर खिलाड़ी करार दिया था। फिलहाल अब गुकेश 10 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे है। गुकेश न केवल हर मैच में गहरी तैयारी और आत्मविश्वास दिखा रहे हैं बल्कि उन्होंने समय का भी बेहतरीन प्रबंधन किया है, जिससे उनके विरोधियों पर लगातार दबाव बना हुआ है। अब टूर्नामेंट में तीन राउंड बाकी हैं और गुकेश फिलहाल सभी को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर काबिज हैं।




## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर समेटा

**-ख्वाजा ने पूरे किये 6000**

**सेंट जॉर्ज (एजेंसी)।** अल्जारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर ही आउट कर दिया। इस मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एलेक्स कैरी और बीयू वेबस्टर ही अर्धशतक लगा पाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस मैच में 16 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 16वें बल्लेबाज हैं। ख्वाजा ने 83 टेस्ट की 149 पारियों में से रन बनाये हैं। वहीं स्टीव स्मिथ केवल 3 रन ही बना पाये।

बारिश से बाधित इस मैच में मेजबान गेंदबाज हावी रहे। अल्जारी ने 16 ओवर में 61 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं जेडन सील्स ने दो विकेट हासिल किये जबकि शमार जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जस्टनी ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला।

बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष बल्लेबजा विफल रहे। सलामी बल्लेबाज ओपनर सैम कांस्टास ने 25, उस्मान ख्वाजा ने 16 और कैमरन ग्रीन ने 26 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाये। छठे नंबर पर उतरे बीयू वेबस्टर ने 60 रन की पारी खेलकर पारी संभाली। सातवें नंबर के उतरे एलेक्स कैरी ने 63 रन बनाये। इननों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस ने भी 17 रन जबकि. नाथन लायन ने 11 और जोश हेजलवुड ने 10 रन बनाए।



## शुभमन की पारी से गर्व का अनुभव कर रहे उनके मेंटोर युवराज

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह आजकल बेहद खुश हैं। युवराज की खुशी का कारण उनके शिष्य और भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन है। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया है। युवराज ने कहा कि उसने बल्लेबाजी को बेहद आसान बना दिया है। युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को कोचिंग दी थी। युवराज ने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया में लिखा, ''शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर उसने सब कुछ इतना आसान बना दिया। शानदार खेला और दोहरे शतक का अधिकारी था, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता।'' वहीं दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने ने भी शुभमन की सराहना की है। अश्विन ने लिखा, ''शुभमन का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत सहायता मिलेगी। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, ''शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई। शानदार खेल दिखाया!''



## राष्ट्रपति ने डूरंड कप फुटबॉल 2025 ट्रॉफी का अनावरण करने के साथ ही खेलों का महत्व बताया

**-अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को मिलता है बढ़ावा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एक भव्य समारोह में डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की ताकत है। इसी कारण हम इसे राष्ट्रीय एकीकरण का भी एक साधन मानते हैं। इसी कारण ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि इससे फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए भी एक मंच मिलता है। जिसपर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धैर्य और एक साझा लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में बताता है।

डूरंड कप का 2025 संस्करण इसी माह 15 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड के छह स्थानों पर खेला जाएगा। असम के कोकराझार में लगातार तीसरे साल डूरंड कप होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट ने 2019 में अपना घरेलू मैदान नई दिल्ली से कोलकाता में स्थानांतरित कर दिया था और लगातार छठे संस्करण के लिए यह बना रहेगा। डूरंड कप ने देश की प्रमुख प्रतियोगिता के रूप में स्थापित कर लिया है, तथा इसमें भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 24 हो गई है, जिसमें सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमों की भागीदारी भी शामिल है। यह टूर्नामेंट इस मायने में खास है कि इसमें सेना की टीमें भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ मुकाबला करती हैं और पिछले कुछ संस्करणों में पड़ोसी देशों की सेना टीमों के साथ विदेशी भागीदारी भी देखी गई है।





# एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान घायल हुईं अदा शर्मा

फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नाक पर गंभीर चोट लगी है। 'द केरल स्टोरी' फेम अदा ने बताया कि यह चोट एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान लगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अदा इस फिल्म में जोरदार एक्शन सीक्वेंस करती नजर आएंगी। यह हादसा एक स्टंट रिहर्सल के दौरान हुआ। 'कमांडो 2' और 'कमांडो 3' में अपने शानदार एक्शन के बाद, अदा इस नई फिल्म में एक्शन का स्तर और ऊंचा करने वाली हैं। चोट के बावजूद, अदा ने अपने जज्बे को बनाए रखा और कहा, दर्द अस्थायी है, लेकिन सिनेमा हमेशा चलता रहेगा। अब मैं एक एक्शन हीरोइन जैसी दिखती हूं। जिस रात मुझे चोट लगी, अगले दिन मैं एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रही थी। शूटिंग के बीच मैं सूजन कम करने के लिए आइस पैक का इस्तेमाल कर रही थी और मेकअप की मदद से चोट को छिपाया गया। अदा की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा, अभिनेत्री तीन भाषाओं में बनी फिल्म में 'देवी' की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसकी तैयारी उन्होंने पूरी कर ली है। फिल्म का निर्देशन बीएम गिरिराज कर रहे हैं। अदा के पास 'रीता सान्याल सीजन 2' और एक अनटाइटल्ड हॉरर फिल्म भी है, जिसमें वह लीड रोल में नजर आएंगी। अदा ने अपनी भूमिकाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताया, मुझे इतने शानदार किरदार निभाने और प्रतिभाशाली फिल्म मेकर्स के साथ काम करने का मौका मिला, मैं बहुत लकी हूं। चाहे वह 'द केरल स्टोरी' जैसी कहानियां हों या 'रीता सान्याल' जैसे किरदार, मैं इन्हें और भी वास्तविक और प्रामाणिक बनाने की कोशिश करती हूं।



# पुरी जगन्नाथ की फिल्म में विजय सेतुपति के साथ दिखेंगी संयुक्ता



निर्देशक पुरी जगन्नाथ की बहुप्रतीक्षित अपकमिंग फिल्म की शूटिंग अब जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू होगी। फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। पुरी जगन्नाथ की इस महत्वाकांक्षी फिल्म को लेकर प्रशंसकों और सिने प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। पहले यह शूटिंग जून के आखिरी सप्ताह में शुरू होने वाली थी, लेकिन अब इसे जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू करने का फैसला लिया गया है। फिल्म की शूटिंग के पहले शेड्यूल में विजय सेतुपति के साथ अन्य एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म पुरी जगन्नाथ के प्रोडक्शन हाउस पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले बन रही है, जिसे चार्मी कौर प्रस्तुत कर रही हैं। इसके साथ ही जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोल्ला के सहयोग से फिल्म की भव्यता को और बढ़ाया जाएगा।

फिल्म में अभिनेत्री संयुक्ता, विजय सेतुपति के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगी, जबकि तब्बू और विजय कुमार महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार, संयुक्ता का किरदार कहानी में महत्वपूर्ण होगा। वह शानदार अंदाज में फिल्म में दिखेंगी। संयुक्ता इस कहानी और अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

पहले शेड्यूल के लिए हैदराबाद और चेन्नई में लोकेशन की खोज पूरी हो चुकी है। यह पैन-इंडिया फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। पुरी जगन्नाथ अपनी शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में वह विजय सेतुपति की प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने खास अंदाज को पेश करेंगे। यह फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म होगी, जिसमें अनूठी कहानी और पुरी के खास निर्देशन का मिश्रण होगा। सभी प्री-प्रोडक्शन तैयारियां हो चुकी हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। पुरी जगन्नाथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सफल निर्देशक हैं, जो तेलुगू फिल्म बदरी, इत्लु श्रावणी सुब्रमण्यम, अप्पू, इडियट, देसमुदुरु, बिजनेसमैन, और पोकरी जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।



# तेजस्वी के साथ रिश्ते में दरार की अफवाहों पर करण ने दिया जवाब



**करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश चार साल से रिलेशनशिप में हैं। कपल की मुलाकात रियलिटी शो बिग बॉस 15 में हुई थी। तब से दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। मगर कुछ यूट्यूब चैनल की तरफ से ऐसा दावा किया गया कि दोनों का रिश्ता फर्जी है। कुछ में कहा गया कि रिश्ते में दरार आ गई है। ऐसी अफवाहों पर करण कुंद्रा ने प्रतिक्रिया दी है।**

## फेक रिलेशनशिप की खबरों को बताया फर्जी

करण कुंद्रा पर अपनी एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर को धोखा देने का आरोप भी लगाया है। इस तरह की खबरों और दावों पर रिएक्ट करते हुए करण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। उन्होंने फर्जी खबरें प्रसारित करने वाले यूट्यूब चैनल को आड़े हाथों लिया है। करण कुंद्रा कुछ यूट्यूब वीडियोज के स्क्रीनशॉट्स शेयर करते हुए लिखा है, थोड़ा और पैसा लगाओ मेरे शुभचिंतकों, दाल गल नहीं रही तुम्हारी।

## गो फंड मी स्थापित करने पर विचार कर रहा हूं

करण कुंद्रा ने एक्स पर भी कई नेटिजन्स को जवाब दिए हैं। एक को जवाब देते हुए उन्होंने लिखा है, इन लोगों के लिए एक गो फंड मी स्थापित करने के बारे में सोच रहा हूं, क्योंकि बेचारे कम बजट वाले पेजों को ही भुगतान कर रहे हैं दुखद। करण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे कुकिंग-रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इसमें उनके पार्टनर एल्विश यादव हैं।

## ये मीडिया पेज नहीं

करण कुंद्रा का कहना है कि उनके खिलाफ चल रहीं ऐसी खबरें पेड हैं। इसके अलावा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कुछ नेटिजन्स को जवाब देते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी खबरें प्रसारित करने वाले मीडिया पेज नहीं हैं, बल्कि ये यूट्यूब चैनल हैं, जो सिर्फ पैसे के लिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। करण कुंद्रा ने कहा, ये मीडिया पेज नहीं हैं। ये पेज पैसे के लिए ऐसा करते हैं।

# टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय



टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं।

उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है। नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा, इस गाने के बोल 'मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी। 'दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की। उन्होंने कहा, आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म-प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों। मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है।

अभिनय करियर की बात करें तो नायरा ने 'दिव्या दृष्टि' में मुख्य भूमिका से लोकप्रियता हासिल की। इसके अलावा, वह 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 13' और 'बिग बॉस 18' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं।




# धनुष-कृति सेनन स्टारर तेरे इश्क़ में... की शूटिंग पूरी

आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और धनुष व कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म तेरे इश्क़ में की शूटिंग अब सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। इस फिल्म का निर्माण आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा और भूषण कुमार ने किया है, और इसके भावनात्मक कहानी व नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अभिनेता धनुष ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह रोमांचक अपडेट साझा करते हुए फैंस के साथ अपनी खुशी जाहिर की। यह घोषणा उन अटकलों को खत्म करती है जो फिल्म के निर्माण की स्थिति के बारे में चल रही थीं। आनंद एल राय के सिग्नेचर स्टोरीटेलिंग स्टाइल के साथ तेरे इश्क़ में एक गहराई से भरी और भावनात्मक सिनेमाई यात्रा होने का वादा करती है। यह फिल्म दर्शकों को प्यार, रिश्ते और मानवीय भावनाओं के जटिल ताने-बाने को एक नए दृष्टिकोण से दिखाएगी। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ के साथ-साथ कलर येलो प्रस्तुत करते हैं तेरे इश्क़ में। फिल्म को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि भूषण कुमार और कृष्ण कुमार सह-निर्माता हैं। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म की पटकथा हिमांशु शर्मा ने लिखी है। धनुष और कृति सेनन द्वारा अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होने वाली है।



# धूम से लेकर गुरू तक, इन फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए मशहूर हैं अभिषेक बच्चन

**30 जून 2000 में अभिषेक बच्चन ने बॉलीवुड की दुनिया में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म रिफ्यूजी थी, जिसकी आज सिल्वर जुबली मनाई जा रही है। इस फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग को काफी सराहना मिली थी। अभी तक के करियर में अभिषेक बच्चन ने कई फिल्मों में शानदार काम किया है। इसके अलावा आजकल अभिनेता अपनी आगामी फिल्म कालीधर लापता से भी चर्चा में हैं, जो 4 जुलाई को जी5 पर रिलीज होने वाली है। चलिए जानते हैं उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में।**

## युवा

मणिरत्नम के निर्देशन में साल 2004 में एक क्राइम थ्रिलर फिल्म आई युवा। इसमें अभिषेक बच्चन ने लल्लन सिंह की भूमिका निभाई थी, जो एक षणयंत्र में फंस जाते हैं। फिल्म में अभिनेता के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान और विवेक ओबरॉय जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में थे।

## गुरू

साल 2007 में मणिरत्नम के निर्देशन में एक फिल्म रिलीज हुई गुरू। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती, आर माधवन और विद्या बालन नजर आए थे। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें दिखाया जाता है कि बेहद ही सरल और सामान्य आदमी मुंबई आता है और वो बहुत बड़ा उद्योगपति बन जाता है। इसमें अभिषेक बच्चन ने शानदार अभिनय किया था।

## मनमर्जियां

अभिषेक बच्चन अभिनीत मनमर्जियां साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी रोमांटिक-ड्रामा जॉनर की थी। इसमें अभिनेता ने बॉबी भाटिया का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। मनमर्जियां में अभिषेक बच्चन के अलावा विक्की कौशल, तापसी पन्नू जैसे कलाकार मौजूद थे।

## पा

आर बाल्की के निर्देशन मे साल 2009 में पा फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन नजर आए थे। फिल्म में असल जिंदगी से उलट अभिषेक बच्चन, बिग बी के पिता बने थे और और अमिताभ बच्चन उनके बेटे के रोल में नजर आए थे। इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

# रिद्धि डोगरा ने दिया जीवन का मूल मंत्र, बोलीं- 'दिखावे में अपने जड़ों को ना भूलें'

बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस मॉडर्न ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही कूल अंदाज में पोज देकर फोटोज क्लिक करा रही हैं। इस तस्वीर में अभिनेत्री हंसती-खिलखिलाती हुई पलों को एंजाय करती दिख रही हैं। अगर इसकी बात करें तो इसमें अभिनेत्री ने लिखा कि आप अपने जिंदगी को खुलकर जिएं, जो आप हैं उसी तरह। बहुत दिखावटी में ना जिएं। इसके अलावा अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ कैप्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि आप अपने मूल का ना भूलें, क्योंकि वही आपके लिए सबसे बड़ा उपहार है। इसके साथ ही आपको मिली एक-एक सांस बहुत कीमती है, उसका आनंद लें। रिद्धि डोगरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in